जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, शनिवार 6 जून, 2026



## विचार बिन्दु

उपदेश के बजाय कहीं ज्यादा हम करके सीखते हैं। –बर्क

# राजस्थान का पुनर्गठन - सुशासन, क्षेत्रीय आकांक्षाएं और तीव्र विकास की आवश्यकता

राजस्थान 3,42,239 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के साथ भारत का सबसे बड़ा राज्य है। यह देश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 10.41% हिस्सा साझा करता है। इतने विशाल भू-भाग को अकेले जयपुर में बैठे प्रशासनिक तंत्र से नियंत्रित करना अत्यंत कठिन है। सुदूर दक्षिण के बांसवाड़ा या धुर पश्चिम के जैसलमेर से राजधानी की दूरी 500 से 600 किलोमीटर है। इस अत्यधिक दूरी के कारण नीतियों का क्रियान्वयन धीमा होता है और आम जनता के लिए सुशासन महज़ एक कागजी नारा बनकर रह जाता है।

वर्ष 2000 में जब मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़, बिहार से झारखंड और उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड को अलग किया गया, तो इसके परिणाम अभूतपूर्व रहे। विभाजन के समय छत्तीसगढ़ एक पिछड़ा इलाका था, लेकिन आज यह देश के शीर्ष बिजली उत्पादक राज्यों में 9वें स्थान पर है। यहाँ की प्रति व्यक्ति आय 12,240 से बढ़कर 1,40,000 से अधिक हो चुकी है, और गरीबी दर 49.4% से घटकर 17.9% पर आ गई है। ये ही स्थिति उतराखंड एवं झारखण्ड की है इन आंकड़ों से यह निष्कर्ष निकलता है कि छोटे राज्य संसाधनों का बेहतर दोहन करने और नीतिगत फैसलों को तेजी से लागू करने में अधिक सक्षम होते हैं।

इसी तर्ज पर दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी अंचल (वागड़ और मेवाड़) में लंबे समय से एक अलग भील प्रदेश की मांग उठ रही है। भारत आदिवासी पार्टी BAP और विभिन्न जनजातीय संगठनों के नेतृत्व में यह आंदोलन वर्तमान में अत्यंत तीव्र हो चुका है। इस अलग राज्य की मांग की जड़ें मानगढ़ धाम से जुडी हैं, जहाँ 17 नवंबर 1913 को समाज सुधारक गोविंद गुरु के नेतृत्व में दमनकारी नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण सभा कर रहे 1,500 से अधिक निर्दोष भील आदिवासियों को ब्रिटिश सेना ने गोलियों से भून दिया था। इस वीभत्स नरसंहार की उपेक्षा का दर्द आज भी स्थानीय जनता महसूस करती है, क्योंकि दशकों की मांग के बावजूद इसे राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा नहीं मिला है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि यह क्षेत्र जयपुर या दिल्ली की राजनीति से दूर एक अलग राज्य के अधीन होता, तो इस पावन भूमि को यह सम्मान और विकास बहुत पहले मिल चुका होता।

बुनियादी ढांचे की उपेक्षा का सबसे बड़ा उदाहरण रतलाम-बांसवाड़ा-डूंगरपुर रेल लाइन परियोजना है। वर्ष 2011 में इस परियोजना की घोषणा के बाद इसे वित्तीय अड़चनों के कारण ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। यद्यपि रेल मंत्रालय ने हाल ही में नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद-नंदुरबार (380 किमी) के नए रेल ट्रैक के फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए बजट स्वीकृत किया है, लेकिन आजादी के सात दशकों बाद भी बांसवाड़ा जिला भारत के रेल मानचित्र पर अपनी मुख्य पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। यह देरी साबित करती है कि जयपुर की बड़ी राजनीति में सुदूर दक्षिण के इस खनिज, जल और वन संपदा से समृद्ध आदिवासी अंचल की आवाज हमेशा दब जाती है।

**छत्तीसगढ़, झारखण्ड और उत्तराखंड की तर्ज पर यदि राजस्थान का भी वैज्ञानिक और प्रशासनिक आधार पर पुनर्गठन किया जाए, तो नए राज्यों को अपनी विशिष्ट समस्याओं के अनुसार बजट, नीतियां और न्यायिक प्रणाली बनाने की आजादी मिलेगी। अब समय आ गया है कि देश के सबसे बड़े राज्य की गरीब जनता के आर्थिक उत्थान, सुलभ न्याय और सुशासन की वास्तविक स्थापना के लिए इस पुनर्गठन पर राष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से विचार किया जाए।**


इस प्रशासनिक उपेक्षा और भौगोलिक दूरी का सबसे बड़ा खामियाजा यहाँ की जनता को न्यायिक प्रणाली में भुगतना पड़ता है। उदयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ (High Court Bench) स्थापित करने की मांग पिछले साढ़े चार दशकों से लगातार की जा रही है। वर्तमान व्यवस्था के तहत मेवाड़ और वागड़ (उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, राजसमंद) के गरीब आदिवासियों और आम नागरिकों को अपने छोटे-बड़े मुकदमों की पैरवी के लिए 500 से 550 किलोमीटर दूर जोधपुर स्थित मुख्य पीठ जाना पड़ता है। मेवाड़-वागड़ हाईकोर्ट बेंच संघर्ष समिति और बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ता व स्थानीय जनता लंबे समय से आंदोलनरत हैं, भूख हड़तालें कर रहे हैं और हर महीने की 7 तारीख को न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हैं। आजादी से पहले उदयपुर (मेवाड़ राज्य) का अपना स्वतंत्र उच्च न्यायालय था, लेकिन एकीकरण के बाद इस अधिकार को छीन लिया गया। एक ओर जहाँ राजधानी जयपुर में 1977 में पुनः पीठ स्थापित कर दी गई, वहीं देश के सबसे बड़े आदिवासी बहुल संभाग को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय देने के नाम पर दशकों से केवल आश्वासन मिल रहे हैं। यह विडंबना दर्शाती है कि जब तक इस अंचल का अपना स्वतंत्र प्रशासनिक ढांचा नहीं होगा, तब तक न्याय और विकास दोनों आम जन की पहुँच से दूर रहेंगे।

ठीक इसी तरह, पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान को अलग कर मरु प्रदेश बनाने की मांग भी राजस्थान के एकीकरण (1956) के समय से ही समय-समय पर उठती रही है। प्रस्तावित मरु प्रदेश का क्षेत्रफल लगभग 2,13,887 वर्ग किलोमीटर होगा, जो कि वर्तमान राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग 62% है और इसकी आबादी 2.81 करोड़ से अधिक है। इसमें राजस्थान के लगभग 13 से 20 जिले शामिल हैं। यह क्षेत्र अब देश का बड़ा पेट्रोलियम, क्रूड ऑयल, प्राकृतिक गैस (बाड़मेर-जैसलमेर बेसिन) और सौर ऊर्जा का हब बन चुका है। आंदोलनकारियों का आरोप है कि मरुस्थलीय क्षेत्र से भरपूर राजस्व लेने के बावजूद यहाँ की बुनियादी सुविधाओं के विकास पर ध्यान नहीं दिया जाता और विशाल आकार के कारण जयपुर में बैठे अधिकारियों को मरुस्थल की जमीनी विवशताओं का सही आकलन नहीं हो पाता है।

अंततः, राजस्थान का विभाजन कोई राजनीतिक बिखराव नहीं, बल्कि प्रशासनिक विकेंद्रीकरण (Administrative Decentralization) की एक तार्किक आवश्यकता है। जब तक सत्ता और न्याय का केंद्र (राजधानी और उच्च न्यायालय) जनता के भौगोलिक रूप से करीब नहीं होगा, तब तक अंतिम छोर पर बैठे गरीब और आदिवासी नागरिक को उसका हक नहीं मिल पाएगा। छत्तीसगढ़, झारखण्ड और उत्तराखंड की तर्ज पर यदि राजस्थान का भी वैज्ञानिक और प्रशासनिक आधार पर पुनर्गठन किया जाए, तो नए राज्यों को अपनी विशिष्ट समस्याओं के अनुसार बजट, नीतियां और न्यायिक प्रणाली बनाने की आजादी मिलेगी। अब समय आ गया है कि देश के सबसे बड़े राज्य की गरीब जनता के आर्थिक उत्थान, सुलभ न्याय और सुशासन की वास्तविक स्थापना के लिए इस पुनर्गठन पर राष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से विचार किया जाए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डा. पी. सी. कंठालिया,**
**पूर्व प्रोफेसर एवं मुख्य मृदा वैज्ञानिक**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौ. विश्वविद्यालय, उदयपुर**

## राशिफल शनिवार 6 जून, 2026



पंडित अनिल शर्मा


द्वितीय ज्येष्ठ मास (अधिक), कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2083, श्रवण नक्षत्र प्रातः 6:03 तक, ऐन्द्रयन योग दिन 10:04 तक, गर करण दिन 2:01 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:04 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 6:03 तक है। रवियोग प्रातः 6:07 से आरम्भ होगा। द्विपुष्कर योग रात्रि 2:42 से आरम्भ होगा। आज भद्रा रात्रि 2:42 से आरम्भ होगी। पंचक सायं 7:04 से आरम्भ होंगे।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:19 से 9:01तक, चर 12:25 से 2:08 तक, लाभ अमृत 2:08 से 5:32 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:14




**मेष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**सिंह**

अस्त-व्यस्त दिनचर्या एवं स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**धनु**

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**वृष**

व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**कन्या**

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेंगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




**मकर**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।




**तुला**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।




**कुंभ**

आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। आज घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।




**कर्क**

परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।



**वृश्चिक**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



**मीन**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

# जरूरी है जल-संकट से मुक्ति



डॉ. अरुणा व्यास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" धीरे-धीरे जन आंदोलन बनता जा रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री की पहल पर 2 लाख 67 हजार 837 जल संचयन कार्यों को प्रारंभ किया गया और निरंतर मोनिटरिंग करते हुए इन्हें पूरा किया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र सघ ने हाल ही अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पानी की बर्बादी को समय रहते नहीं रोका गया तो विश्व गंभीर जल संकट के दौर से गुजरेगा। कृषि की बढ़ती जरूरतों, खाद्यान उत्पादन, ऊर्जा उपभोग, प्रदूषण और जल प्रबंधन की कमजोरियों की वजह से स्वच्छ जल पर निरंतर दबाव बढ़ रहा है। राजस्थान वैसे भी बहुत कम वर्षा और जल क्षेत्र में अभावों से जूझता प्रदेश रहा है। इस दृष्टि से 'वंदे गंगा जल संरक्षण' अभियान दीर्घकालीन रूप में राजस्थान को जल संकट से जूझने के साथ जल संरक्षा में अग्रणी करेगा।

हमारे देश का जल प्रबंधन रिकॉर्ड भी खास कोई अच्छा नहीं है। खासकर जलवायु परिवर्तन के इस दौर में भी जल प्रबंधन की दिशा में हमारे यहां अभी भी खास कोई काम हो नहीं रहा है। उलटे जल, जंगल, जमीन, हवा और जैव विविधता का जितना नुकसान पिछले कुछ वर्षों में हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। देश में उपलब्ध जल संसाधनों का बड़ा हिस्सा आज भी खेती में जाता है, पीने के पानी का ही जब संकट है तो समझा जा सकता है कि खेती के लिये पानी की स्थिति आने वाले समय में क्या रहने वाली है।

जल संकट कोई नई समस्या नहीं है परन्तु तमाम विकास के बावजूद जल प्रबंधन की दिशा में देश अभी भी बेहद पिछड़ा हुआ है। ऐसा भी नहीं है कि प्रबंध की दक्षता का हमारे यहां अभाव है परन्तु सुलझी हुई सोच से न जाने क्यों जल प्रबंधन को हमने अपनी प्राथमिकता में रखा ही नहीं है। सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद्, लेखक अनुपम मिश्र की पुस्तक 'आज भी खरे हैं तालाब' बहुत अधिक लोकप्रिय हुई है। इसे उन्होंने जल संरक्षण प्रेरणा के आलोक में कॉपीराईट मुक्त कर दिया था। जल संकट के इस दौर में इस पुस्तक को हर आम और खास को एक बार जरूर पढ़ना चाहिए।

इसलिये कि इसमें जल संस्कृति संरक्षण की हमारी समृद्ध परम्परा का ही आख्यान नहीं है बल्कि ऐसे दृश्यालेख हैं जिनसे पानी बचाने, संग्रहित करने के लिये स्वयमेव प्रेरित हुआ जा सकता है। अनुपम मिश्र अपने लिखे में आंकड़ों, तथ्यों और महत्वपूर्ण शोध निष्कर्ष तो रखते हैं परन्तु किस्सागोई में। पुस्तक में तालाबों की हमारी संस्कृति का जो लेखा-जोखा है, वह वर्तमान समय के जल संकट का हल सुझाता नये सिरे से इस संस्कृति पर फिर से विचार करने पर मजबूर करता है।

पुस्तक की एक इकाई का आरंभ इस प्रश्न से है, 'कौन थे अनाम लोग?' पाठक चौंकेंगे परन्तु फिर लेखक इसका उत्तर खुद ही अगली पंक्ति में देते हुए कहता है, "सैकड़ो, हजारों तालाब अचानक शून्य से प्रकट नहीं हुए थे। इनके पीछे एक इकाई थी बनवाने वालों की तो दहाई थी बनाने वालों की। यह इकाई, दहाई मिलकर सैकड़ा, हजार बनती थी। लेकिन पिछले 200 बरसों में नए किस्म की थोड़ी सी पढ़ाई पढ गए समाज ने इस इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार को शून्य ही बना दिया। इस नये समाज के मन में इतनी भी उत्सुकता नहीं बची कि उससे पहले के दौर में इतने सारे तालाब भला कौन बनाता था।" सोचिए! जिस देश में पानी सहेजने के लिये तालाबों की लूंठी-अलूंठी परम्परा रही है, वहां आज तालाब बनना तो दूर पहले के जो तालाब बने थे, उन्हें मिटाकर जल संरक्षण की हमारी संस्कृति का ही विलोप किया जा रहा है। परम्परा से बने बहुत से तालाब अभी भी अपना वजूद रखे हुए हैं परन्तु विडम्बना यह भी है कि वहां पानी आने की कोई व्यवस्था नहीं है। उनकी आगोर भूमि पर आबादी बस गयी है या फिर तमाम जल आवागमन के रास्ते अवरूद्ध कर दिये गये हैं।

जल संरक्षण के लिये तालाबों के निर्माण, बावड़ियों के विकास और उसमे समाज की भूमिका पर देशभर में घुम-फिर कर आख्यान संजोते लेखक ने जल प्रबंधन की सोच के साथ ही तालाबों की संस्कृति से विमुख होते जा रहे समाज की नब्ज को भी टटोला है। जल संरक्षण के प्रतीक तालाबों से कैसे हुआ समाज विमुख? इसकी रोचक दास्तां अनुपम मिश्र के शब्दों में, '...राज बदला। अंग्रेज आए। सबसे पहले उन्होंने इस फिजूलखर्ची को रोका और सन् 1831 में राज की ओर से तालाबों के लिए दी जाने वाली राशि को काटकर एकदम आधा कर दिया। अगले 32 बरस तक नए राज की कंजूसी को समाज अपनी उदारता से ढककर रखे रहा। तालाब लोगों के थे, सो राज से मिलने वाली मदद के कम हो जाने, कहीं कहीं बंद हो जाने के बाद भी समाज तालाबों को संभाले रहा। बरसों पुरानी स्मृति ऐसे ही नहीं मिट जाती।....उसी दौर में दिल्ली में नल लगने लगे थे। इसके विरोध की एक हल्की सुरीली सी आवाज सन् 1900 के आस-पास विवाहों के अवसर पर गाई जाने वाली 'गारियों, विवाह-गीतों' में दिखी थी। बारात जब पंगत में बैठती तो स्त्रियां "फिरंगी नल मत लगवाय दियो' गीत गाती। लेकिन नल लगते गए और जगह-जगह बने तालाब, कुंए और बावड़ियों के बदले अंग्रेज द्वारा नियंत्रित 'वाटर वर्क्स' से पानी आने लगा।"

कभी हमारे यहां अच्छे कार्य करने का मापदंड तालाब बनाने से था। इसीलिये पुस्तक के आरंभ के एक किस्से में कुड़न किसान की कहानी मन को छू लेती है।' पाटन क्षेत्र के चार बहुत बड़े तालाबों को इस कहानी से जोड़ते मिश्र तालाबों की संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं। किस्से दर किस्सों में वह बताते जाते हैं कि किसी तालाब को राजा ने बनाया तो किसी को रानी ने, किसी को साधारण गृहस्थ ने, विधवा ने बनाया तो किसी को किसी असाधारण साधु-संत ने-जिस किसी ने भी तालाब बनाया, वह महाराज या महात्मा कहलाया। एक कृतज्ञ समाज तालाब बनाने वालों को अमर बनाता था और लोग भी तालाब बनाकर समाज के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते थे।

तब तालाब बनते थे, वर्षा के समय उनमें पानी आता था...लबालब जब तालाब भरते तो बाकायदा वह उत्सव बन जाता। तालाब का पूरा भरना, सिर्फ एक घटना नहीं आनंद होता, मंगलसूचक होता, उत्सव होता। महोत्सव होता। यह प्रजा और राजा को घाट तक ले आता। तालाब नहीं वह पानी का महत्व था। पानी संरक्षण की सोच के ऐसे उत्सव से ही तो बना हमारा यह समाज। इसलिये कि तब लोग अच्छे अच्छे काम करते जाते थे। लेखक के अनुसार इस सदी के प्रारंभ तक आषाढ़ के पहले दिन से भादो के अंतिम दिन तक कोई 11 या 12 लाख तालाब भर जाते थे-और अगले जेठ तक वरूण देवता का कुछ न कुछ प्रसाद बांटते रहते थे। और अब हाल यह है कि इनमें से चौथाई तालाब ही बचे नहीं है। जब तालाब ही नहीं है तो वर्षा से जो जल बरसता है, उसके संरक्षण की तो बात ही कहां की जा सकती है!

तालाबों की हमारी संस्कृति सभ्यता के वजूद से जुड़ी रही है। आज सभ्यता जल संकट से ही जूझ रही है। इस दौर में हमारी तालाब संस्कृति के जरिये जल संरक्षण को फिर से जीवंत कर हम जल समस्या का बड़े स्तर पर निदान कर सकते हैं। कल नहीं, आज ही इस पर विचारने की जरूरत है। मानसून से पहले तालाबों के हमारे अतीत में जाकर हम यदि जल संरक्षण के लिए प्रयास करते हैं तो बरखा के पानी को ही सहेज नहीं पाएंगे बल्कि भविष्य के जल-संकट से मुक्ति में भी अपना सहयोग दे सकेंगें।

**-डॉ. अरुणा व्यास,**
**पर्यावरण एवं संस्कृति अध्येता**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# स्वधर्म, स्वभाषा और स्वराज्य : शिव राज्याभिषेक का वैश्विक संदेश



डॉ. विशाला शर्मा

शिवराज्याभिषेक दिवस भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जो मात्र एक सम्राट के राजतिलक का उत्सव नहीं, अपितु विदेशी पराधीनता की कटीली जंजीरों के विरुद्ध राष्ट्र के स्वाभिमान, शाश्वत न्याय और लोक-कल्याणकारी सुशासन के उदय का पावन शंखनाद है। सन् 1674 की वह ऐतिहासिक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी, जब दुर्गराज रायगढ़ की प्राचीरें छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की साक्षी बनीं, वास्तव में काल के कपाल पर अंकित एक युगपरिवर्तनीय क्षण था। इसी पावन बेला में हिंदवी स्वराज्य की दिव्य संकल्पना ने एक संप्रभु और अखंड राष्ट्र के रूप में आकार लिया, जिसने सदियों की अंधियारी दासता को चीरकर स्वतंत्रता के एक नए स्वर्णिम युग का सूत्रपात किया। न्याय और धर्म की स्थापना और अपने राज्य को एक स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दिलाने हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज ने संपूर्ण जीवन पर्यन्त प्रयास किया। आपका अवतरण उस युग की महती आवश्यकता था, जब विदेशी आक्रांताओं और आदिलशाही कुतुबशाही सुल्तानों के अत्याचारों से त्रस्त होकर संपूर्ण वसुंधरा कराह रही थी।

उन्होंने मुगलों की क्रूर नीतियों और धार्मिक कट्टरता को पराजित कर सनातन संस्कृति, संतों और मंदिरों की रक्षा की और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का शंखनाद किया। उनके स्वराज्य में न्याय केवल शक्तिशालियों के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए भी सुलभ था। युगप्रवर्तक छत्रपति शिवाजी महाराज के हृदय में अपनी प्रजा के प्रति शासक का नहीं, अपितु एक वात्सल्यमयी पिता का भाव था। उनके साम्राज्य में रैयत केवल जनमानस नहीं, बल्कि उनकी अपनी संतान थी; जहाँ कृषकों का पसीना, व्यापारियों की समृद्धि और महिलाओं का स्वाभिमान राज्य की संप्रभुता के सर्वोच्च स्तंभ थे। जन-कल्याण और लोक-हित के प्रति उनकी यही निष्ठा आज भी संपूर्ण विश्व में एक आदर्श शासक के रूप में वंदनीय है।

उनका अनुशासन ऐसा था कि रणचंडी के आव्हान पर भी सैनिकों को नीति का पाठ स्मरण रहता था युद्ध की विभीषिका में भी हरी-भरी फसलें अक्षुण्ण रहती थीं। और शत्रु पक्ष की भी महिलाएँ व बालक पूर्णतः सुरक्षित और सम्मानित थे। नर्तकी या दासी को ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध थे। युद्ध के दौरान धार्मिक स्थलों को हाथ भी नहीं लगाया जाता था। जब प्रकृति ने सूखे और अकाल का वज्रपात किया, महाराज ने प्रजा पर करों का बोझ लादने के बजाय उनके आँसू पोंछे, किसानों को लगान मुक्त किए और उन्हें नव-जीवन देने के लिए बीज व बैल निःशुल्क उपलब्ध कराए। वे केवल भूमि के विजेता नहीं, अपितु कोटि-कोटि हृदयों के अधिपति थे।

छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन केवल युद्धों और विजयों की गाथा नहीं है, बल्कि यह एक लोक-कल्याणकारी, न्यायप्रिय और दूरदर्शी शासन व्यवस्था का स्वर्णिम दस्तावेज है। उनका हिंदवी स्वराज्य केवल एक राजनीतिक सत्ता नहीं, बल्कि स्वाभिमान, राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का एक जीवंत महाकाव्य था। उनकी इस गौरवशाली प्रशासनिक और रणनीतिक यात्रा में कार्यकुशलता के लिए उन्होंने आठ मंत्रियों की एक परिषद बनाई, जिसे अष्टप्रधान मंडल कहा जाता था। यह आधुनिक कैबिनेट व्यवस्था का शुरुआती रूप था।

जागीरदारी प्रथा को समाप्त कर अधिकारियों को नकद वेतन देने की शुरुआत की, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी। उन्होंने न केवल अभेद्य किलों का निर्माण किया, बल्कि भारत की पहली आधुनिक नौसेना भी खड़ी की, जिसके कारण उन्हें भारतीय नौसेना का जनक कहा जाता है। महाराज का लक्ष्य किसी एक संप्रदाय का राज्य स्थापित करना नहीं, बल्कि इस भूमि के मूल निवासियों को अपनी नियति खुद तय करने का अधिकार देना था।अपने फारसी भाषा के स्थान पर राज्य व्यवहार कोष बनवा कर संस्कृत और स्थानीय भाषाओं एवं मराठी को प्रशासनिक बढ़ावा दिया। मुगलों की विशाल सेना के सामने गुरिल्ला युद्ध नीति का उपयोग कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि संकल्प और रणनीति से किसी भी बड़ी शक्ति को झुकाया जा सकता है।

छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित सुशासन, राष्ट्रभक्ति और जनकल्याण के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब नेतृत्व निःस्वार्थ, पराक्रमी और न्यायप्रिय हो, तो विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी एक अजेय और कल्याणकारी राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

छत्रपति शिवाजी महाराज का शासनकाल महिला अधिकारों और उनकी गरिमा की रक्षा के लिए इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है। उनके राज्य में महिलाओं की सुरक्षा केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सर्वोच्च संस्कार था। महिला उत्पीड़न, शीलभंग या उनके अपहरण के खिलाफ शून्य-सहनशीलता की नीति अपनाई थी। दोषी पाए जाने पर अपराधियों को मृत्युदंड या हाथ-पैर काटने जैसे अत्यंत कठोर दंड दिए जाते थे, चाहे वह अपराधी कितना भी बड़ा अधिकारी या सैनिक क्यों न हो। इसका सबसे बड़ा उदाहरण गाँव के मुखिया का मामला है। जब उसने एक असहाय महिला के साथ दुर्व्यवहार किया, तो महाराज ने बिना किसी देरी के उसके दोनों हाथ और पैर काटने का आदेश दिया था। इस एक फैसले ने पूरे राज्य में अपराधियों के भीतर खौफ पैदा कर दिया था। युद्ध के मैदान में भी महाराज का नैतिकता का नियम लागू रहता था। कल्याण के सूबेदार की बहू का प्रसंग जगप्रसिद्ध है। जब मराठा सेना ने कल्याण पर विजय प्राप्त की और सूबेदार की सुंदर बहू को महाराज के सामने उपहार के रूप में पेश किया, तो महाराज ने उसे अपनी माता के समान बताते हुए ससम्मान और आभूषणों के साथ उसके परिवार के पास वापस भेज दिया।

शिवाजी महाराज भली-भांति जानते थे कि स्वराज्य की असली ताकत खेतों में काम करने वाला किसान है। उन्होंने मुगलों की उस दमनकारी व्यवस्था को उखाड़ फेंका जो किसानों का खून चूसती थी। महाराज का अपनी सेना को स्पष्ट और लिखित निर्देश था कि युद्ध के दौरान किसी भी किसान की खड़ी फसल को नुकसान नहीं पहुँचना चाहिए। यहाँ तक कि सैनिकों को अपने घोड़ों के लिए चारा भी किसानों से उचित मूल्य देकर खरीदने का आदेश था, वे जबरन कुछ नहीं ले सकते थे। पारदर्शी और उदार कर प्रणाली उन्होंने जागीरदारी और जमींदारी प्रथा को समाप्त कर दिया, जो किसानों का शोषण करती थी। सरकार सीधे किसानों से संपर्क करती थी। यदि किसी वर्ष अकाल पड़ता या फसल नष्ट हो जाती, तो महाराज उस क्षेत्र का पूरा लगान माफ कर देते थे। अकाल या युद्ध से प्रभावित किसानों को दोबारा खेती शुरू करने के लिए स्वराज्य की ओर से मुफ्त में बीज, बैल और कृषि उपकरण दिए जाते थे। इसके लिए दिए जाने वाले ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाता था और किसान इसे अपनी सुविधा के अनुसार आसान किस्तों में चुका सकते थे।

महाराज ने हर किले और प्रशासनिक केंद्र पर अनाज के बड़े भंडार बनवाए थे। संकट के समय इन भंडारों को आम जनता और किसानों के लिए खोल दिया जाता था ताकि राज्य में कोई भी भूखा न सोए। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब नेतृत्व निःस्वार्थ, पराक्रमी और न्यायप्रिय हो, तो विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी एक अजेय और कल्याणकारी राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। हिंदवी स्वराज्य का अर्थ केवल भौगोलिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सुशासन, महिला सम्मान, धार्मिक सहिष्णुता और किसान कल्याण का एक आदर्श मॉडल था। आज सदियों बाद भी, शिवराय के स्वराज्य के मूल्य हमारे राष्ट्र के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ हैं। उनका यह गौरवशाली इतिहास हमें याद दिलाता है कि जब दृढ़ संकल्प और न्याय की शक्ति साथ मिलती है, तो इतिहास बदला जा सकता है। इसलिए आज का दिन केवल एक तिथि नहीं, भारतीय स्वाभिमान के पुनरुत्थान का दिवस है।

**–डॉ. विशाला शर्मा,**
**प्रोफेसर विभागाध्यक्ष एवं शोध निर्देशिका, हिंदी विभाग,**
**चेतना महाविद्यालय छत्रपति संभाजी नगर**

# अमरसागर गेट को मिला नया साथी, वर्षों पुराने ट्रैफिक जाम से शहरवासियों को मिली राहत



अचलदास डांगरा



जैसलमेर। स्वर्णनगरी जैसलमेर के ऐतिहासिक अमरसागर गेट पर वर्षों से लगने वाला ट्रैफिक जाम आमजन के लिए बड़ी समस्या बना हुआ था। रियासतकाल में निर्मित इस एकमात्र प्रवेश द्वार से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता था। शहर में आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों के अलावा कचहरी, जिला अस्पताल और विभिन्न सरकारी कार्यालयों में आने-जाने वाले लोगों को अक्सर लंबे समय तक जाम में फंसना पड़ता था। सुबह और शाम सैर के लिए निकलने वाले नागरिकों को भी इस परेशानी का सामना करना पड़ता था।

शहर की बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के कारण अमरसागर गेट पर स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही थी। कई बार जाम इतना लंबा लग जाता था कि लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी देरी होती थी। इससे आमजन के साथ-साथ पर्यटकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता था, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे थे। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए वर्ष 2011 में तत्कालीन जिला कलेक्टर गिरिराज सिंह कुशवाहा के निर्देश पर तत्कालीन नगर परिषद सभापति अशोक तंवर ने नगर परिषद के सभी पार्षदों की एक विशेष बैठक बुलाई। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते यातायात दबाव और अमरसागर गेट पर लगने वाले जाम पर विस्तार से चर्चा की गई।

विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि ऐतिहासिक अमरसागर गेट के समानांतर एक और प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाए, ताकि शहर में आने-जाने वाले वाहनों का दबाव विभाजित हो सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाई जा सके। इस दूरदर्शी निर्णय के परिणामस्वरूप शहर को एक वैकल्पिक मार्ग मिला, जिससे अमरसागर गेट पर वर्षों से बनी हुई जाम की समस्या में काफी हद तक राहत मिली। नए प्रवेश द्वार के निर्माण के बाद वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित हुई और आमजन, पर्यटकों तथा विभिन्न सरकारी कार्यालयों में आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलने लगी।

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि उस समय लिया गया यह निर्णय जैसलमेर की यातायात व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। इससे न केवल लोगों का समय बचा, बल्कि शहर की पहचान बने ऐतिहासिक क्षेत्र में यातायात का दबाव भी कम हुआ। स्वर्णनगरी के विकास की इस कहानी में अमरसागर गेट के समानांतर बने नए प्रवेश द्वार को आज भी एक दूरदर्शी और जनहितकारी पहल के रूप में याद किया जाता है, जिसने हजारों लोगों को रोजाना की परेशानी से राहत दिलाई।

**–अचलदास डांगरा,**
**वरिष्ठ पत्रकार।**

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 | वर्षः 21 संख्याः 59 | प्रभात | जालोर, शनिवार 6 जून, 2026 | पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

# प.बंगाल में भाजपा ने अपनी पूर्ण विजय को "सील" किया

## कलकत्ता नगर निगम को भी टीएमसी के नियंत्रण से मुक्त कराया

- अंजन रॉय -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ फिरहाद हाकिम ने मेयर के पद से इस्तीफा दे दिया है और कमिश्नर नगर निगम को भंग करने जा रहे हैं।

■ कलकत्ता के लोगों ने फिरहाद हाकिम के इस्तीफे पर खुशी जताई और उनकी कई शिकायतें कीं। बताया जाता है कि फिरहाद हाकिम ने एक बार कहा था कि हिंदुओं का दुर्भाग्य है कि वे मुस्लिम परिवार में पैदा नहीं हुए हैं।

■ पूर्ण बंगाल विजय का दूसरा चरण नई दिल्ली में चल रहा है। टीएमसी के कुल 28 लोकसभा सांसदों में से 20 सांसद लोकसभा स्पीकर से मिलकर अलग गुट के रूप में मान्यता दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

■ चर्चा है कि सांसद शुभेन्दु सेखर रॉय को इस गुट का नेता बनाया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि सेखर के पिता श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ काम कर चुके हैं और प्र.मंत्री मोदी ने माल्दा में एक रैली में उनकी तारीफ भी की थी।

■ अगर तृणमूल सांसद अलग गुट बना लेते हैं तो इससे भविष्य में महत्वपूर्ण बिल पारित कराने में भाजपा को भारी मदद मिलेगी।

नई दिल्ली 5 जून। द्वितीय विश्व युद्ध का अंत तब हुआ था, जब मित्र देशों की सेनाएं 1945-46 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुँचीं।

बंगाल में भाजपा की पूर्ण जीत पर उस समय मुहर लग गई जब उसने एक तरह से कलकत्ता पर कब्जा कर लिया। कलकत्ता कॉरपोरेशन के मेयर फिरहाद हकीम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने उस ऐतिहासिक कक्ष में अपना पद छोड़ा, जहां कभी सुभाष चंद्र बोस मेयर की प्रतिष्ठित कुर्सी पर बैठे थे।

"देशबंधु" के नाम से प्रसिद्ध चितरंजन दास भी इसी मेयर की कुर्सी पर बैठे थे। एस्प्लनेड स्थित कलकत्ता कॉरपोरेशन का मुख्यालय, जिसे "बड़ा लालबाड़ी," यानी "राइटर्स बिल्डिंग" की तुलना में "छोटा लालबाड़ी" कहा जाता है, अब भाजपा के हाथों में जा रहा है।

हकीम द्वारा मेयर पद से इस्तीफा देने के साथ ही नगर निगम ने निगम बोर्ड को भंग करने की तैयारी शुरू कर दी है। कलकत्ता कॉरपोरेशन के आयुक्त अब निगम बोर्ड को भंग कर प्रशासन अपने हाथ में लेने की तैयारी कर रहे हैं।

कट्टर कलकत्ता प्रेमी अब सामने आकर मेयर के कार्यकाल के दौरान उनके आचरण की तीखी आलोचना कर रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि अपने प्रभावशाली दौर में फिरहाद हकीम ने कलकत्ता कॉरपोरेशन की परंपराओं का सम्मान नहीं किया।

उनके विरोधियों का आरोप है कि पद पर रहते हुए उन्होंने यह टिप्पणी की थी कि बहुसंख्यक हिंदुओं का दुर्भाग्य है कि उनका जन्म मुस्लिम परिवार में नहीं हुआ। इस टिप्पणी से बहुसंख्यक समुदाय में व्यापक नाराजगी पैदा हुई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# साइबर अपराध मामलों में ईडी ने राजस्थान-पंजाब में छापे मारे

जयपुर। साइबर ठगी के जरिए अर्जित काली कमाई और फर्जी सिम कार्ड नेटवर्क के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को राजस्थान और पंजाब में बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीमों ने राजस्थान के जोधपुर, नागौर और किशनगढ़ सहित पंजाब के लुधियाना में कुल सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

ईडी सूत्रों के अनुसार कार्रवाई जोधपुर के बासनी स्थित साइबर क्राइम शाखा में दर्ज एक मामले के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि बड़ी संख्या में मोबाइल सिम कार्ड खरीदे जा रहे थे और बाद में उन्हें साइबर अपराधियों को बेचा जा रहा था। इन सिम कार्डों का उपयोग ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉलिंग और अन्य साइबर अपराधों में किया जा रहा था।

■ जोधपुर में तीन, नागौर में दो तथा किशनगढ़ में एक स्थान पर छापों में अपराध से जुड़े दस्तावेजों, उपकरणों आदि की जाँच की गई।

जानकारी के अनुसार जोधपुर में तीन, नागौर में दो तथा किशनगढ़ और पंजाब के लुधियाना में एक-एक स्थान पर ईडी की टीमों ने दबिश दी।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार विदेशों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 15 दिन पुराने सीजेपी मूवमैंट को नामचीन हस्तियों का समर्थन मिला

## इनमें सोनम वांगचुक, एक्टर प्रकाश राज व शिव सेना के आदित्य ठाकरे आदि नाम शामिल हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ वांगचुक ने 6 जून के जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की घोषणा कर दी है और एक्टर प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं।

■ इसके अलावा टीएमसी की महुआ मोईत्रा और कीर्ति आज़ाद ने भी सीजेपी को समर्थन दिया है। यह भी कहा जा रहा है कि संविधान क्लब में सीजेपी की प्रैस कान्फ्रैंस के लिए आरजेडी के मनोज झा ने आर्थिक सहायता दी थी। हालांकि झा ने इससे इन्कार किया और कहा कि उन्होंने सिर्फ सिफारिशी चिट्ठी लिखी थी।

नई दिल्ली, 5 जून। पंद्रह दिन पुराना ऑनलाइन आंदोलन, कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) कई प्रमुख समर्थकों को आकर्षित कर चुका है। इनमें जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, अभिनेता प्रकाश राज और शिव सेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे शामिल हैं।

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके शनिवार को नई दिल्ली पहुंच रहे हैं, और उनका इरादा शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का है। यह विरोध नीट-यूजी 2026 पेपर लीक के कारण 3 मई को परीक्षा रद्द होने और 21 जून को पुनः परीक्षा की घोषणा के बाद किया जा रहा है। ऐसी संभावना कम है कि केन्द्र सरकार दिपके और उनके तेजी से बढ़ते समर्थकों को शनिवार को प्रदर्शन की अनुमति देगी।

यूएस से उड़ान भरने से पहले दिपके ने समर्थकों से अपील की कि वे दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने न आएं। उन्होंने कहा कि वे संविधान पर भरोसा रख रहे हैं और संभावित गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने पिछले महीने सैटायरिकल डिजिटल आंदोलन के आधिकारिक एक्स अकाउंट को आईटी एक्ट की धारा 69 के तहत ब्लॉक कर दिया था। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह कदम इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर उठाया, जिसमें कहा गया कि यह अकाउंट राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करता है।

इस बीच, वांगचुक ने घोषणा की है कि अगर धर्मेन्द्र प्रधान उस तारीख तक इस्तीफा नहीं देते हैं, तो वे जंतर मंतर में सीजेपी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। अभिनेता प्रकाश राज ने कहा कि वे 6 जून से पहले दिल्ली पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इस अभियान को "सबसे प्रासंगिक कॉक्रोच आंदोलन" बताया। शिव सेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने भी इसका समर्थन व्यक्त किया।

सीजेपी को समर्थन देने वाले अन्य प्रमुख व्यक्तियों में तृणमूल कांग्रेस के नेता महुआ मोइत्रा और कीर्ति आज़ाद शामिल हैं। इसके अलावा, यह भी अटकलें हैं कि आरजेडी सांसद मनोज झा ने बुधवार को संविधान क्लब में आयोजित सीजेपी प्रेस कॉन्फ्रेंस को वित्तीय सहयोग दिया। लेकिन झा ने इसे नकारते हुए कहा कि उन्होंने केवल प्रेस मीट के लिए संविधान क्लब में जगह बुक कराने हेतु सिफारिश पत्र भेजा था।

# क्या संवर्धित यूरेनियम को ईरान से बाहर ले जाने की शर्त छोड़ दी है ट्रंप ने?

## "पल में तोला पल में माशा" कहावत को चरितार्थ करने वाले ट्रंप ने यह कहकर सभी को हैरान कर दिया कि संवर्धित यूरेनियम को ईरान से बाहर ले जाने का मुद्दा "दफन" हो चुका है

- डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ अपने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना द्वारा संवर्धित यूरेनियम ईरान से बाहर जाने का विचार उन्हें पसंद नहीं है। ट्रंप की इस टिप्पणी ने सभी को हतप्रभ कर दिया, क्योंकि पूर्व में कई बार ट्रंप ने कहा था, अगर ईरान ने यूरेनियम नहीं ले जाने दिया तो वे उसका नामोनिशान मिटा देंगे।

■ ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर दोनों देशों के बीच डील हो गई तो वे ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा से मिलना चाहेंगे और यह उनके लिए सम्मान की बात होगी।

नई दिल्ली 5 जून। एक और हैरान करने वाले बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि वाशिंगटन को ईरान के साथ ऐसे शांति समझौते की जरूरत नहीं है, जिसमें इस्लामी गणराज्य के संवर्धित यूरेनियम (एनरिच्ड यूरेनियम) को देश से बाहर ले जाने की शर्त हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोनों देशों के बीच समझौता हो जाता है, तो ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से मिलना उनके लिए "सम्मान की बात" होगी। अपने हमेशा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई कोर्ट ने जल जीवन मिशन की सुनवाई एसीबी-2 को भेजी

जयपुर, 5 जून। जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में अब एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 सुनवाई करेगी। एसीबी कोर्ट-1 के पीठासीन अधिकारी की ओर से इस संबंध में हाईकोर्ट को पत्र लिखकर केस ट्रांसफर करने की गुहार की गई थी। इसके बाद, हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से मामले को लेकर एसीबी कोर्ट में लंबित मामलों को क्रम-2 कोर्ट में सुनवाई के लिए भेज दिया है, जहां अदालत मामले की सुनवाई 8 जून से करेगी। वहीं तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य पीएचईडी सचिव और रिटायर आईएएस सुबोध अग्रवाल की जमानत अर्जी पर भी अब 8 जून को सुनवाई होगी।

■ एसीबी कोर्ट-1 के पीठासीन अधिकारी ने हाई कोर्ट को पत्र लिखकर केस ट्रांसफर करने की प्रार्थना की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार बनाने के साथ ही मुश्किल शुरु हुई शिवकुमार की

## शपथ लेने के दो दिन बाद ही एक वरिष्ठ मंत्री ने इस्तीफा दिया व कई अन्य ने विभाग के प्रति असंतोष जताया

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

■ वरिष्ठ मंत्री रामलिंगा रेड्डी को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मिला है, उन्होंने कहा कि वरिष्ठतम नेता होने के नाते उन्हें बेहतर विभाग मिलना चाहिए। रेड्डी ने कहा, उन्हें बेंगलुरु विकास विभाग देने का वादा किया गया था।

■ एक अन्य मंत्री, के.एच. मुनिपप्पा, जो सात बार कोलार सीट से सांसद रहे हैं और वर्तमान में देवन हल्ली से विधायक हैं, ने विभाग के प्रति नाराज़गी जताई। एक अन्य विधायक के.जे. जॉर्ज अपने विभाग में किए जा रहे तबादलों से नाराज़ हैं।

■ वहीं सतीश जारकीहोली को हालांकि उनका सार्वजनिक निर्माण विभाग पुनः मिल गया, पर, उनकी इच्छा प्रदेश अध्यक्ष बनने की भी है।

नई दिल्ली, 5 जून। कर्नाटक के एक मंत्री ने इस्तीफा दे दिया है तो कई अन्य मंत्री बेहतर विभाग की मांग कर रहे हैं, एक वरिष्ठ नेता उपेक्षा से नाराज़ हैं, मुस्लिम नेताओं ने मंत्रिमंडल में बेहतर प्रतिनिधित्व की मांग उठाई है, और महिलाओं को प्रतिनिधित्व न मिलने पर भी आलोचना हो रही है। तीन दिन पुरानी डीके शिवकुमार सरकार आंतरिक राजनीतिक संकट में घिर गई है।

अब तक चार मंत्रियों ने हालात को लेकर अपनी नाराज़गी जताई है। पहला झटका शुक्रवार सुबह तब लगा, जब मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने यह कहते हुए इस्तीफा भेज दिया कि उन्हें आवंटित विभाग से वे असंतुष्ट हैं। इसके तुरंत बाद नई सरकार के दूसरे मंत्री के.एच. मुनियप्पा ने भी अपने मंत्रालय को लेकर असंतोष व्यक्त किया। इसके बाद असंतोष का स्वर और तेज हो गया। मंत्री के.जे. जॉर्ज अपने विभाग में कथित "हस्तक्षेप" से नाराज़ बताए जा रहे हैं, जबकि सतीश जारकीहोली ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी महत्वाकांक्षा केवल मंत्री पद तक सीमित नहीं थी।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग पाने वाले मुनियप्पा ने कहा कि पार्टी के "सबसे वरिष्ठ" नेताओं में से एक होने के नाते, वे इससे बेहतर विभाग के हकदार थे।

उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने अपनी अपेक्षाओं के बारे में राहुल गांधी सहित, पार्टी नेतृत्व को पहले ही अवगत करा दिया था।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वे दिए गए विभाग से नाराज़ हैं, तो मुनियप्पा ने कहा कि उन्हें ऐसा "महत्वपूर्ण विभाग" दिया जाना चाहिए जहाँ वे जनता के लिए बेहतर ढंग से काम कर सकें।

के.एच. मुनियप्पा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और कोलार लोकसभा सीट से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खड़गे ने राज्यसभा का नामांकन भरा

बेंगलुरु, 05 जून (हि.स.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

■ राहुल गांधी, वेणुगोपाल, डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया, सुरजेवाला आदि नामांकन के समय मौजूद थे।

राज्यसभा चुनाव 18 जून को होना है। नामांकन दाखिल करने के दौरान, केसी वेणुगोपाल, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष बी.के. हरिप्रसाद सहित, अनेक प्रमुख नेता उपस्थित थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकारी बॉण्ड में निवेश करने वाले विदेशी निवेशकों को वित्त मंत्रालय ने दी भारी टैक्स छूट

## ईरान युद्ध, महंगा तेल, रूपये की गिरती कीमत और तीन दिन में विदेशी निवेशकों द्वारा 34,000 करोड़ रुपये निकाला जाना है इस फैसले की बुनियाद

-कार्यालय संवाददाता-

■ उल्लेखनीय है इस वर्ष अब तक स्थानीय शेयर बाजार से 2.6 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई है, जो 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है।

■ वहीं ईरान युद्ध और उससे जुड़े आर्थिक संकटों के कारण रुपया 20 मई, 2026 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

नई दिल्ली, 5 जून। वैश्विक पूंजी को आकर्षित करते हुए, सरकार ने सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले विदेशी निवेश संस्थानों (एफपीआई) द्वारा किए गए निवेशों पर लागू कर व्यवस्था को युक्ति संगत बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत, ऐसे निवेशों को ब्याज या पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट दी जाएगी। इस कदम से सरकारी प्रतिभूतियों पर कराधान व्यवस्था कई तुलनीय देशों के अनुरूप हो जाएगी।

यह छूट 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। इसका अर्थ है कि जी-सेक (गवरमैंट सैक्टर बॉण्ड) में निवेश से जुड़े मामलों में एफपीआई को 01 अप्रैल 2026 या उसके बाद प्राप्त होने वाले किसी भी तरह के ब्याज या पूंजीगत लाभ पर यह छूट लागू होगी।

सरकार ने दीर्घकालिक एवं स्थिर पूंजी आकर्षित करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों पर पूंजीगत लाभ कर हटाने का फैसला किया है, क्योंकि इन माध्यमों की अवधि लंबी होती है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब विदेशी निवेशकों ने इस वर्ष अब तक स्थानीय शेयर बाजार से 2.6 लाख करोड़ रुपये निकाले हैं, जो 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। इसकी वजह वैश्विक अनिश्चितता रही है। केवल जून के पहले तीन दिन में ही विदेशी निवेशकों ने शेयरों से करीब 34,000 करोड़ रुपये निकाले, जिससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।

सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ती के अनुसार इन प्रयासों का उद्देश्य भारतीय इक्विटी बाजार और सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशकों का दायरा बढ़ाना है, साथ ही दुनिया की सबसे तेजी से विकसित हो रही प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक में निवेश करने के इच्छुक वैश्विक निवेशकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इससे टिकाऊ और निरंतर विदेशी पूंजी का प्रवाह सुनिश्चित होगा, जो दीर्घकालिक निवेशकों जैसे पेंशन फंड, बीमा कंपनियों और संप्रभु धन कोष (एसडब्ल्यूएफ) के रूप में स्थिर और व्यवस्थित तरीके से आएगा।

वित्त मंत्रालय के अनुसार इन उपायों से एक सुचारू उपज वक्र के विकास में मदद मिलेगी और पेंशन फंड, बीमा कंपनियां और संप्रभु धन कोष जैसे दीर्घकालिक निवेशकों सहित दीर्घकालिक, विदेशी पूंजी का स्थिर व्यवस्थित प्रवाह आकर्षित होगा। इससे देश में विदेशी मुद्रा प्रवाह को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

वित्त मंत्रालय का कहना है कि सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश निवेशकों (एफपीआई) की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से, सरकार ने पूर्णतः सुलभ मार्ग (एफएआर) के अंतर्गत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसमें 15,30 और 40 वर्षों की अवधि के सरकारी प्रतिभूतियों के नए निर्गमों के साथ-साथ एफएआर-पात्र प्रतिभूतियों की अवधि के संप्रभु हरित बाँड (एसजीआरबी) को भी शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सामान्य मार्ग के अंतर्गत एफपीआई निवेशों के संबंध में, विदेशी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चर्चित शिक्षक खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पटना, 05 जून। राजधानी पटना में चर्चित शिक्षक और कोचिंग संचालक खान सर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। कदमकुआं थाना में उनके खिलाफ हत्या की कोशिश और शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा दर्ज मामले के बाद पूरे घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया है और जांच एजेंसियां मामले की विस्तृत पड़ताल में जुट गई हैं।

■ कदमकुआं थाने में हत्या की कोशिश तथा आर्म्स एक्ट में भी धाराओं में मामला दर्ज हुआ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला खान सर के सुरक्षा गार्डों के बयान के आधार पर दर्ज किया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# धौलपुर में आई तेज आंधी से भरभराकर गिरी दीवार, दो लोगों की मौत, दो घायल

## घायलों की हालत गंभीर होने पर भरतपुर के अस्पताल में रेफर कर दिया

**भरतपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र में तेज आंधी के दौरान दीवार गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चार लोग बकरियां चराकर अपने घर लौट रहे थे। अचानक आए तेज आंधी-तूफान से बचने के लिए वे एक दीवार के सहारे बैठ गए, लेकिन तेज हवाओं के चलते दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। गंभीर रूप से घायल चारों लोगों को पहले बसेड़ी अस्पताल में भर्ती कराया, जिनकी हालत गंभीर होने पर भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गई।

■ चार लोग बकरियां चराकर घर लौट रहे थे, आंधी आने से दीवार के पास बैठ गये, तेज हवाओं के चलते दीवार भरभराकर चारों लोगों के ऊपर गिर गई

बसेड़ी थाना के एसएसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि चार जून की रात भरतपुर जिले के घड़ी बजाना थाना के तरसूमा गांव निवासी समय सिंह, रामफूल, रामसुरूप और जय सिंह बकरियां चराने के बाद हिंगोटा गांव के पास रुके हुए थे। इसी दौरान तेज आंधी और तूफान आया। आंधी के कारण एक दीवार गिर गई, जिसकी चपेट में आकर चारों लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए बसेड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 3 लोगों की गंभीर हालत होने पर समय सिंह, रामफूल और एक अन्य घायल को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान समय सिंह और रामफूल की मौत हो गई।

मृतकों के परिजन रोहिताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता रामफूल और चाचा समय सिंह बकरियां चराने के लिए धौलपुर के हिंगोटा क्षेत्र में गए थे। रात करीब 8 बजे वे वापस लौट रहे थे, तभी अचानक तेज आंधी आ गई। आंधी से बचने के लिए एक दीवार के सहारे बैठ गए। तेज हवाओं के चलते दीवार उनके ऊपर गिर गई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर किया गया, जहां देर रात उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर दोनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

# बीकानेर में तेज आंधी-बारिश से सरकारी स्कूल की छत गिरी

**बीकानेर, (निसं)।** यहां गुरुवार रात को आई तेज आंधी और बारिश से लूणकरणसर के गारबदेसर गांव स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में एक कमरे की छत भरभराकर टूट कर गिर गई। इससे कमरे के अंदर रखा फर्नीचर भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि स्कूलों में ग्रीष्मावकाश होने और घटना रात के समय होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। इस कमरे में कुल साठ पट्टियां लगी हुई है, जिसमें 17 गिर गई।

■ ग्रीष्मावकाश होने और घटना रात के समय होने के कारण बड़ा हादसा टल गया

ग्रामीणों के अनुसार रात करीब 11 बजे तेज आंधी और बारिश के दौरान स्कूल भवन के एक कमरे की छत गिर गई। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण और स्कूल से जुड़े लोग परिसर में पहुंचे तो कमरे की छत गिरी हुई मिली। इसके बाद प्रशासन और शिक्षा विभाग को सूचना दी गई।

इन दिनों स्कूलों में छुट्टियां चल रही हैं और घटना रात के समय हुई। यदि स्कूल संचालन के दौरान यह हादसा होता तो छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। स्कूल में एक बड़ा हॉल बना हुआ है, जिसमें दसवीं क्लास लगती है। चालीस से ज्यादा स्टूडेंट्स इस क्लास में पढ़ते हैं। गर्मी की छुट्टियां होने के कारण और तूफान रात में होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। आश्चर्य की बात है कि गारबदेसर की इस स्कूल का नाम जिले की क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों में नहीं था। शिक्षा विभाग ने सभी प्रिंसिपल से रिपोर्ट मांगी थी कि उनका विद्यालय अगर क्षतिग्रस्त है तो इसकी रिपोर्ट दें।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) किसनदान चारण ने बताया कि क्षतिग्रस्त स्कूलों की लिस्ट में इस स्कूल का नाम नहीं था। घटना के बारे में पता लगाया जा रहा है।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमराव यादव ने बताया कि गारबदेसर राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के एक कमरे की छत गिरने की सूचना मिली है। कनिष्ठ अभियंता के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही घटना के कारणों और भवन की स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जा सकेगी। घटना के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों ने क्षेत्र के अन्य पुराने स्कूल भवनों की भी सुरक्षा जांच कराने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# अलवर-कोटपूतली सड़क पर बारिश से भरा दो फीट पानी

**अलवर, (निसं)।** बानसूर कस्बे के बाइपास रोड पर हुई मामूली बारिश के बाद मुख्य सड़क पर भारी जलभराव हो गया। अलवर और कोटपूतली को जोड़ने वाली इस मुख्य सड़क पर दो से ढाई फीट तक पानी भर जाने से कई वाहन चालक गिरकर चोटिल हो गए।

■ दो से ढाई फीट तक पानी भर जाने से कई वाहन चालक गिरकर चोटिल हो गए

बानसूर कस्बे से निकलने वाली मुख्य बाइपास सड़क इस समय राहगीरों और वाहन चालकों के लिए आफत का सबब बनी हुई है। बीती रात हुई मामूली बारिश ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग के दावों की पोल खोलकर रख दी है। रात को हुई बरसात के बाद सुबह जब लोग अपने घरों से काम के लिए निकले, तो बानसूर बाइपास रोड पर दरिया जैसा नजारा देखने को मिला। सड़क पर करीब दो से ढाई फीट तक गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे यह पहचानना भी मुश्किल हो गया है कि सड़क पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क।

गौरतलब है कि यह कोई साधारण या गली-मोहल्ले की सड़क नहीं है, बल्कि यह बानसूर कस्बे का मुख्य बाइपास रोड है जो कोटपूतली और अलवर जिले को आपस में जोड़ता है। इस वजह से इस मार्ग पर चौबीसों घंटे भारी वाहनों के साथ-साथ हजारों की संख्या में दोपहिया और चौपहिया वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। कनेक्टिविटी के लिए महत्पूर्ण यह सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि यहां से गुजरना अब किसी खतरे से खाली नहीं रह गया है।

# टोंक में बिजली निगम एईएन व कंप्यूटर ऑपरेटर ने रिश्वत ली

**टोंक, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता के निर्देशन में टोंक एसीबी टीम प्रभारी ऋषिकेश मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार को बिजली निगम के एईएन नवनीत सिंह गुर्जर एवं संविदा पर लगे कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद शाजिम को वीसीआर को सेटल करने की एवज में मांगी गई राशि के बीस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



एईएन नवनीत सिंह गुर्जर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद शाजिम।

■ वीसीआर को सेटल करने की एवज में बीस हजार रुपए लेते पकड़ा

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी.बी. टोंक को एक शिकायत मिली कि गत 4 मई को परिवादी के घर पर विद्युत विभाग की टीम आयी तथा परिवादी के घर का मीटर की फोटो खींच कर मीटर को खोलकर ले गये तथा परिवादी को विद्युत विभाग के ए.ई.एन. नवनीत गुर्जर द्वारा वी.सी.आर. भरने की धमकी देकर तथा घर का मीटर देने की एवज में 25 हजार रूपये रिश्वत राशि मांगी। परिवादी के कहने से एईएन ने राशि कम करके 20 हजार देने पर सहमत हो गया। जिसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने फरियादी को केमिकल लगे 20 हजार रुपए देकर ए.ई.एन. को देने हेतु उसके ऑफिस भेजा तथा फरियादी जब ऑफिस चैंबर में जाकर बीस हजार रुपए देने लगा तो उन्होंने कहा कि रुपयों को कंप्यूटर ऑपरेटर को दे जाओ। इस पर फरियादी बीस हजार रुपयों को दलाल कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद शाजिम को दे दिए। जिसके बाद बाहर मौजूद एसीबी टीम सदस्यों ने चर्म्बेर में घुसकर बिजली निगम के ए.ई.एन. नवनीत सिंह गुर्जर और दलाल कालीपलटन निवासी मोहम्मद शाजिम को दबोच कर 20 हजार रिश्वत राशि को बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# कोटा में संविदाकर्मी को 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**कोटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरोटीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) के संविदाकर्मी कपिलराज को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, वहीं मामले में प्राधिकरण के लिपिक जुगल किशोर को पूछताछ बाद गिरफ्तार किया गया।

एसीबी के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी कोटा को परिवादी द्वारा शिकायत मिली कि श्रीनाथपुरम्, कोटा स्थित उसके पैतृक आवास का उसके नाम नामान्तरण दर्ज करवाने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा लगातार आपत्तियां लगाकर उसे परेशान किया जा रहा है। परिवादी ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके वैध कार्य को करने की एवज में केडीए कर्मचारी जुगल किशोर एवं संविदाकर्मी कपिलराज द्वारा 50,000 रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। 2 जून और 4 जून को किये गये मांग सत्यापन के दौरान आरोपियों द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने की पुष्टि हुई। एसीबी कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि टीम ने कार्यवाही के लिये ट्रैप का जाल फैलाया, केडीए के संविदाकर्मी कपिलराज ने केडीए की कैंटिन में परिवादी को बुलाकर रूपये ले लिये, जिस पर एसीबी टीम ने केडीए कैंटीन में परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत राशि प्राप्त करते हुए आरोपी कपिल राज को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वहीं मामले में परिवादी ने केडिए के लिपिक जुगल किशोर के खिलाफ भी रिश्वत मांगने की शिकायत दी थी, जिस पर आरोपी जुगल किशोर से मामले में पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# ट्रेलर की चपेट में आने से महिला की मौत

**कोटा, (निसं)।** कोटा के रानपुर थाना इलाके में ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मोड़क निवासी रहनुमा अपने पति के साथ डॉक्टर को दिखाने के लिये कोटा आ रही थी, दम्पती रानपुर क्षेत्र स्थित आरटीओ कार्यालय के सामने से गुजर रहे थे, तभी आगे चल रहे ट्रेलर के चालक ने अचानक स्टेरिंग घुमा दिया और पीछे चल रहे बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर सडक पर गिर गये। हादसे में ट्रेलर का पिछला टॉयर महिला के शरीर पर होकर गुजर गया, जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मामले में सामने आया कि महिला पति के साथ डॉक्टर को दिखाने के लिये कोटा आ रही थी, हादसे की सूचना पाकर रानपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि दोनों पति-पत्नी मोड़क से कोटा आ रहे थे, रास्ते में ट्रेलर ने टक्कर मार दी, हादसे में मोड़क निवासी रहनुमा (26) की मौत हो गई। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# लूट की नीयत से की थी युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पचेरी कलां, (निसं)।** पचेरी कलां थाना पुलिस ने एक हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक की हत्या लूट की नीयत से की गई थी। मामले में आरोपी राजेश कुमार को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर आगे की पूछताछ की जा रही है।

■ मामले में आरोपी राजेश कुमार को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पूछताछ की

पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को सहड़ निवासी कृष्ण कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका चचेरा भाई विक्रम 21 अप्रैल की रात गुरूग्राम से बस द्वारा अपने गांव लौट रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। अगले दिन उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की सूचना मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया था। इस पर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने हत्या एवं दुष्कर्म के एक अन्य मामले में नामजद आरोपी राजेश कुमार (24) निवासी रामसर, थाना पचेरी कलां से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि 21 अप्रैल की रात उसने पचेरी कलां से सहड़ जाने वाले मार्ग पर पैदल जा रहे युवक को देखकर लूट की योजना बनाई। आरोपी ने लोहे की रॉड से हमला कर युवक को गंभीर चोटें पहुंचाई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में जब मृतक के पास कोई कीमती सामान नहीं मिला तो वह वहां से फरार होकर अपने बाड़े में छिप गया। पुलिस ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे का अनुसंधान जारी है तथा पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# डीएपी खाद के कट्टों से भरी पिकअप जब्त

**छबड़ा, (निसं)।** पुलिस व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर रात अवैध रूप से ले जाई जा रही डीएपी खाद की खेप जब्त की। पुलिस ने खानपुर (झालावाड़) से छबड़ा होते हुए फतेहगढ़ (मध्यप्रदेश) भेजे जा रहे 70 डीएपी खाद के कट्टों से भरी पिकअप जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में कृषि विभाग के सहायक निदेशक चौथमल मीणा भी शामिल रहे।

सीआई राजेश खटाना ने बताया कि अवैध कृषि खाद व नकली खाद के परिवहन व कालाबजारी को रोकने के लिए ऑपरेशन धरती पुत्र रक्षक चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिलेभर में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने व किसानों को समुचित मात्रा में खाद की मात्रा की आपूर्ति के लिए कृषि विभाग से समन्वय कर ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके तहत कृषि व पुलिस विभाग की टीम ने 70 डीएपी खाद के कट्टों से भरी पिकअप जब्त कर दिनेश धाकड़ व दीपक किराड़ को गिरफ्तार किया गया।

# घी कारोबारी के ठिकानों से 60 लाख रु. जब्त

**बीकानेर, (निसं)।** तिरुपति बालाजी मंदिर (टीटीडी) के महाप्रसाद (लड्डू) के घी में मिलावट और धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय की टीमों ने बीकानेर सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में 15 ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। बीकानेर के घी व्यवसायी आशीष अग्रवाल के आवासीय और कार्यालय परिसरों पर ईडी ने छापा मारकर कड़ाई से जांच की है।

ईडी ने बीकानेर के अलावा अहिल्यानगर, देहरादून, दिल्ली, डिंडीगुल, गुंटूर, मुंबई और रुड़की में सर्च अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 60 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अपराध से कमाए धन (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) से 45 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया हुआ था। आरोपियों और उनके परिजनों के नाम दर्ज कई बेनामी व कीमती अचल संपत्तियों के दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। कारोबारियों ने काली कमाई को सफेद करने के लिए फर्जी खरीद-फरोख्त का एक जटिल नेटवर्क बनाया गया था, जिसकी कड़ियां अब बीकानेर से भी जोड़ी जा रही हैं।

# ऑनलाइन परीक्षा में नकल करवाने व षड्यंत्र का आरोपी गिरफ्त में

## मामले में पूर्व में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चूका है

**कोटा, (निसं)।** आरकेपुरम् क्षेत्र में कोटा ऑनलाइन आईटी एजुकेशन सेन्टर पर सीसीआरएएस की ऑनलाइन परीक्षा में नकल करवाने के मामले में आरकेपुरम् पुलिस टीम ने पांच हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है, पुलिस टीम ने मामले में 13 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया था, अब तक मामले में 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि थाना आरकेपुरम् क्षेत्र स्थित ऑनलाइन आईटी एजुकेशन सेन्टर पर 27 नवम्बर 2025 को ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई थी, परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराने का जिम्मा डेक्सआईटी ग्लोबल कंपनी के पास था। 27 नवम्बर 2025 को परीक्षा केन्द्र पर आरोपियों द्वारा कुछ परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र के हल किये गये उत्तरों की पर्चिया पकड़ाकर नकल कराने के सम्बन्ध में फरियादी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया गया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मामले में अनुसंधान किया तो अनुसंधान से सामने आया कि कोटा ऑनलाइन आईटी एजुकेशन सेन्टर, बी-41 आरकेपुरम् कोटा के पास उक्त एड्रेस पर ऑनलाइन परीक्षा कराने हेतु अधिकृत दस्तावेज नहीं होने के बावजूद कंपनी द्वारा इस एड्रेस पर परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड जारी किये और सीसीआरएएस द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाया गया। इस हेतु आरोपियों ने आपस में मिलीभगत और सांठगांठ कर सुनियोजित तरीके से षड़यंत्र कर ऑनलाइन परीक्षा के दौरान मोबाइल से प्रश्न पत्र की कम्प्यूटर स्क्रीन की वीडियो रिकॉडिंग तैयार की तथा प्रश्नों के हल किये गये उत्तर (सोल्वड आन्सर) लिखे हुए कागज/पर्चे परीक्षार्थियों को पहुंचाकर नकल/चिटिंग करवाई गई।

मामले में जिला चूरू के घंटेल निवासी रोहिताश्व स्वामी उर्फ भाया उर्फ डॉक्टर फरार चल रहा था, वांछित चल रहे आरोपी पर 5 हजार का इनाम राशि घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर गठित विशेष टीम ने संभावित स्थानो पर दबिश दी, आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा हैं।

जिस पर विशेष टीम कोटा से रवाना होकर चूरू पहुँची तथा आरोपी की तलाश प्रारम्भ की। सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि आरोपी चूरू से उदयपुर की ओर गया हैं, जिस पर विशेष टीम ने चुरू से उदयपुर तक लगभग 650 किमी आरोपी का पीछा कर आरोपी रोहिताश्व स्वामी उर्फ भाया उर्फ डॉक्टर को उदयपुर के हिरण मगरी थाना क्षेत्र से डिटेन करने में सफलता हासिल की, आरापी से अनुसंधान जारी है।

# इस्लामपुर गांव का नाम श्रीरामपुर करने के प्रस्ताव पर ग्रामीणों का विरोध तेज

## झुंझुनूं भाजपा विधायक की सिफारिश पर सीएमओ ने रिपोर्ट मांगी

**झुंझुनू, (निसं)।** जिले के ऐतिहासिक गांव इस्लामपुर का नाम बदलकर 'श्रीरामपुर' करने के प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक और सामाजिक बहस तेज हो गई है। एक ओर झुंझुनूं के भाजपा विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने इसे जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग बताते हुए सांस्कृतिक पहचान को पुनर्जीवित करने की पहल करार दिया है, वहीं दूसरी ओर गांव के सर्वसमाज के लोगों ने इसका विरोध करते हुए जिला प्रशासन को आपत्ति पत्र सौंपा है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा इस संबंध में जिला प्रशासन से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने के बाद मामला चर्चा के केंद्र में आ गया है। अब जिला प्रशासन ऐतिहासिक तथ्यों, राजस्व अभिलेखों, जनभावनाओं तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेगा।।

■ ग्रामीणों का कहना है कि इस्लामपुर नाम दशकों से गांव की पहचान रहा है और इसे बदलना ऐतिहासिक विरासत के साथ-साथ स्थानीय पहचान को भी प्रभावित करेगा




इस्लामपुर के प्रशासक एवं पूर्व सरपंच आमीन मणियार के नेतृत्व में सर्वसमाज के लोगों ने विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने गत 17 फरवरी को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस्लामपुर गांव का नाम बदलकर 'श्रीरामपुर' करने की अनुशंसा की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय के उपसचिव जयप्रकाश नारायण ने 29 मई को जिला कलैक्टर को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विधायक भाम्बू का कहना है कि क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से गांव की सांस्कृतिक और प्राचीन पहचान को पुन:र्स्थापित करने की मांग की जा रही थी। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंने यह प्रस्ताव शासन तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक और नियमानुसार है।

नाम परिवर्तन के प्रस्ताव के विरोध में ग्राम पंचायत इस्लामपुर के प्रशासक एवं पूर्व सरपंच आमीन मणियार के नेतृत्व में सर्वसमाज के लोगों ने जिला कलैक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि इस्लामपुर नाम दशकों से गांव की पहचान रहा है और इसे बदलना ऐतिहासिक विरासत के साथ-साथ स्थानीय पहचान को भी प्रभावित करेगा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि इस्लामपुर झुंझुनूं जिले का सबसे बड़ा एकल राजस्व गांव है, जिसकी आबादी लगभग 15 हजार तथा मतदाता संख्या करीब 8,500 है। नाम परिवर्तन की स्थिति में लोगों को आधार कार्ड, जनआधार, भूमि रिकॉर्ड, बैंक दस्तावेज, शैक्षिणक प्रमाण पत्र सहित अनेक सरकारी अभिलेखों में संशोधन करवाने की जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा।

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित इस्लामपुर शेखावाटी अंचल की ऐतिहासिक बसावटों में शामिल माना जाता है। इतिहासकारों के अनुसार कायमखानी नवाबों के शासनकाल में इस क्षेत्र का प्रशासनिक और सामरिक महत्व बढ़ा, जिसके बाद इस्लामपुर नाम प्रचलन में आया।

# 18 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** निवाई में 18 लाख की ठगी के आरोपी को निवाई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है, आरोपी पिछले चार साल से फरार था। जिस पर 6 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। आरोपी ने सोलर प्लांट लगाने और सरकारी सब्सिडी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की थी।

■ सोलर प्लांट लगाने और सरकारी सब्सिडी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की थी

निवाई थाना प्रभारी घासीराम ने बताया कि आरोपी ईशाक मोहम्मद मंसूरी उर्फ सोनू निवाई थाने में धोखाधड़ी के मामले में वांछित था। परिवाद के अनुसार आरोपियों ने प्रकाश एंटरप्राइजेज के माध्यम से लोगों को सोलर प्लांट लगाने और सरकारी सब्सिडी दिलाने का भरोसा दिलाकर 18 लोगों से 18 लाख 88 हजार रुपए जमा कर लिये। जिसके बाद राशि लेने के बावजूद न तो सोलर प्लांट लगाए गए और न ही पीड़ितों को सब्सिडी का लाभ मिला। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी ईशाक मोहम्मद मंसूरी के खिलाफ भीलवाड़ा के आसींद और अजमेर के आदर्श नगर थानों में भी धोखाधड़ी के अन्य मामले दर्ज हैं।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सा.नि.वि. वृत करौली

क्रमांक :-404 दिनांक :- 27-5-2026

निविदा सूचना संख्याः 02/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर जिला करौली में विभिन्न स्थानों पर एस.आर प्रोग्राम की सडकों के निर्माण कार्य के लिए मय नियमानुसार मरम्मत एवं संधारण की अवधि लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत एए" "ए" श्रेणी तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में 5 निर्माण कार्य हेतु जिनकी कुल राशि रूपयें 278.96 लाख है, प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है । कार्यवार संख्या निम्नानुसार है।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| PWD2627A0807 | PWD2627WSOB03506 |
| PWD2627A0808 | PWD2627WSOB03512 |

(देवेन्द्र कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता,
सा0नि0वि0 वृत्त-करौली

DIPR/C/9590/2026



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर
एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)

Te. Pho. No 02979-283624 E-mail.: eephedscr@gmail.com

कमांकः अ.अ./ जन स्वा./ सॉ / निविदा/2026-27/506 दिनांकः- 29/05/2026

निविदा सुचना संख्या - 04 / 2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Daily periodical operation of valve at supply times for specified by department per sluice valve, leakage removal of difference size pipe line |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में) | कुल निविदा 02 रु. 25.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 01.06.2026 से 11.06.2026 को 13.00 बजे तक |
| निविदाएँ खोलने की तिथी व समय | 12.06.2026 को 12.00 बजे से |
| UBN No | PHE2627WSRC01584 PHE2627WSRC01585 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड साँचौर

DIPR/C/9739/2026

## मासूम को स्कॉर्पियो से कुचला

**जयपुर।** झोटवाड़ा क्षेत्र में गुरुवार शाम घर के बाहर खेल रहे एक वर्षीय मासूम बच्चे को पडौसी ने स्कॉर्पियो गाड़ी से कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हैड कांस्टेबल सज्जन सिंह ने बताया कि हादसे में जालूपुरा निवासी मोहम्मद रिजवान के एक वर्षीय पुत्र मोहम्मद इब्राहिम की मौत हुई है। रिजवान मजदूरी करता है, उसकी पत्नी करीब 7 दिन पहले अपने बेटे और बेटी को लेकर झोटवाड़ा के जगन्नाथपुरी स्थित पीहर आई हुई थी। गुरुवार देर शाम को इब्राहिम घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पडौस में रहने वाला युवक काम से लौटकर अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर घर पहुंचा। तभी मासूम अचानक दौड़ते हुए सड़क पर आ गया और वाहन की चपेट में आ गया।

## भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार आज आएंगे जयपुर

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार शनिवार को जयपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अनुसार संगठन महामंत्री अजेय कुमार दोपहर 1.15 बजे जयपुर पहुंचेंगे, इसके बाद 1:30 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 2 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राजस्थानी संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप संगठन महामंत्री अजेय कुमार का स्वागत किया जाएगा।

# बिजली-पानी की बचत, पौधारोपण और प्लास्टिक के कम उपयोग से संवारे पर्यावरण : मुख्यमंत्री

### राजस्थान को हरित, स्वच्छ और जल संपन्न बनाने में हर नागरिक दें योगदान : भजनलाल शर्मा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासी प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं और राज्य को हरित, स्वच्छ और जल संपन्न बनाने में योगदान दें। बिजली-पानी की बचत, पौधारोपण, प्लास्टिक के उपयोग को कम करें और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाकर प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, निर्मल जल और हरित आवरण मिले। मुख्यमंत्री शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आमजन से वर्षा ऋतु में मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, हरियालो राजस्थान जैसी पहल की हैं जिनके सकारात्मक परिणाम आए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मिशन हरियालो में 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से लगभग 19 करोड़ पौधे लग चुके हैं। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित जिलों में 11-11 हजार पौधे लगाकर नमो चंदन वन स्थापित किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालयों पर नमो नर्सरी, प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर नमो वन, 16 जिलों में मॉडल उद्यान ऑक्सीजोन, 21 जिलों में गोबरधन-परियोजना के तहत बायो-गैस संयंत्र, 29 अमृत शहरों में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ ही, जयपुर में वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान के लिए अर्ली वॉर्निंग सिस्टम स्थापित किया गया है।

विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और जनभागीदारी आधारित अभियानों से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा रहा है।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर झालाना के विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में बरगद का पौधा रोपकर 'हरियालो राजस्थान' और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, वन राज्यमंत्री संजय शर्मा, सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद रहे।**

- **समारोह में नन्हे पर्यावरणमित्र ने ऑटोग्राफ मांगा तो मुख्यमंत्री ने बच्चे को दुलारते हुए ऑटोग्राफ देकर उसका उत्साहवर्द्धन किया**
- **अलवर और भिवाड़ी में अर्ली वार्निंग सिस्टम का शुभारंभ, आरएसपीसीबी के 4 क्षेत्रीय कार्यालयों का शिलान्यास**

समारोह में अलवर एवं भिवाड़भ में अर्ली वार्निंग सिस्टम का शुभारंभ किया गया। साथ ही, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। ग्रीन-को रेटिंग योजना और हैकाथॉन विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान आरएसपीसीबी के 4 क्षेत्रीय कार्यालयों का शिलान्यास, 7 नवीन पौधशालाओं तथा 8 प्रे-बेस ऑग्मेंटेशन एनक्लोजर्स का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री ने कैम्पा योजना के अंतर्गत निर्मित 5 फॉरेस्ट गार्ड चौकियों, 1 क्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय एवं आवासीय भवन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर एक नन्हे पर्यावरणमित्र ने मंच पर जाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ऑटोग्राफ मांगा। जिस पर मुख्यमंत्री ने बच्चे को दुलारते हुए ऑटोग्राफ देकर बच्चे का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 'प्रकृति से प्रेरित' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

उन्होंने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया एवं पर्यावरण संरक्षण की नवीनतम तकनीक एवं उपकरणों की जानकारी ली। समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद मंजू शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, आरएसपीसीबी अध्यक्ष अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन आनंद कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, पर्यावरणविद् एवं प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे।

# सोमनाथ यात्रा पर जा रहे वृद्धजनों की ट्रेन को हरी झंडी दिखाई मुख्यमंत्री ने

### 'वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना' के जरिए अब तक 1 लाख से ज्यादा बुजुर्गों की तीर्थाटन मनोकामना पूरी की राज्य सरकार ने

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वृद्धजनों के कल्याण एवं धार्मिक पर्यटन को विकसित करने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना बुजुर्गों की तीर्थाटन की मनोकामना को पूरा करने का माध्यम बन रही है। इस योजना के माध्यम से एक लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन की अभिलाषा पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर सोमनाथ यात्रा शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान सर्वोपरि है। प्रत्येक व्यक्ति की यह इच्छा होती है कि जीवन में पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन करे। राज्य सरकार का प्रयास है कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक अपनी तीर्थ यात्रा की इच्छा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अटल, अमिट और अद्वितीय है तथा सोमनाथ मंदिर देश की इसी आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इस मंदिर को कई बार तोड़ा और लूटा गया, लेकिन शक्ति, स्वाभिमान के साथ यह पुन: स्थापित हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की पहल की है, जो हमारी सांस्कृतिक चेतना का महापर्व है। इसके अन्तर्गत 1 हजार दिनों के लिए विशेष पूजा की जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश के तीर्थयात्रियों को भी इस पुण्य कार्य में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों के गरिमापूर्ण जीवन और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। अस्पतालों में वृद्धजन मरीजों की समुचित देखभाल के लिए रामाश्रय वार्ड स्थापित किए गए हैं। वहीं, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 8 लाख से अधिक पेंशनर्स को लाभान्वित किया है। मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना के माध्यम से 50 लाख से अधिक पेंशनर्स को 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे उनके खातों में भी जमा की गई। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में काजल चौधरी का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकमास में वे अपनी 90 वर्षीय सास को सिर पर टोकरी में बैठाकर चौरासी कोस की ब्रज परिक्रमा करवा रही है, जो 260 किलोमीटर की यात्रा है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संस्कृति के जीवंत संस्कारों का दर्शन है। इस अवसर पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी करने के साथ ही एसी ट्रेन की सुविधा शुरू की गई है। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, सांसद मंजू शर्मा, शासन सचिव देवस्थान शुचि त्यागी सहित देवस्थान विभाग एवं रेलवे के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में तीर्थयात्री मौजूद रहे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से सोमनाथ तीर्थ स्थल के लिए ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान वृद्धजनों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।**

## राज्यसभा चुनाव के लिए नीरज डांगी ने भरा नामांकन

**जयपुर।** राजस्थान की तीन रिक्त राज्यसभा सीटों के लिए चुनावी सरगर्मियों के बीच कांग्रेस प्रत्याशी नीरज डांगी ने शुक्रवार को विधानसभा में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुख्य सचेतक रफीक खान सहित बड़भ संख्या में कांग्रेस विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन से पहले विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायकों और नेताओं ने नीरज डांगी का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने चुनाव अधिकारी के समक्ष तीन सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन के दौरान कांग्रेस ने अपनी संगठनात्मक एकजुटता और संख्याबल का प्रदर्शन भी किया। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में नीरज डांगी ने राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग की संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास 67 विधायक और 4 समर्थित विधायकों सहित कुल 71 वोट हैं, जबकि जीत के लिए केवल 51 वोटों की आवश्यकता है। ऐसे में कांग्रेस की जीत तय है और किसी प्रकार की चिंता नहीं है। डांगी ने कहा कि यदि राज्यसभा चुनाव में कोई अतिरिक्त उम्मीदवार मैदान में आता है तो वह भाजपा की ओर से आएगा, कांग्रेस की तरफ से नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और सरकारें गिराने की राजनीति भाजपा की कार्यशैली का हिस्सा रही है। उन्होंने 2020 के राज्यसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि तब भी कांग्रेस को सभी समर्थक विधायकों के वोट मिले थे।

# बदमाश ने फर्जी आर.बी.आई. अफसर बनकर जयपुर के दुकानदारों से हजारों रु. ठगे

- **नए नोटों की गड्डियां देने का झांसा देकर वारदातें की**

**जयपुर।** राजधानी में खुद को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का अधिकारी बताकर दुकानदारों से ठगी करने वाले एक शातिर जालसाज का मामला सामने आया है। आरोपी नए नोटों की गड्डी उपलब्ध कराने का झांसा देकर दुकानदारों को आरबीआई कार्यालय के बाहर बुलाता था और रुपए लेकर बैंक से नोट लाने का बहाना बनाकर फरार हो जाता था। इस तरह की शिकायतें माणक चौक, गांधी नगर और कोतवाली थाना क्षेत्रों में दर्ज कराई गई हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार माणक चौक थाना क्षेत्र के त्रिपोलिया बाजार स्थित एक दुकान संचालक सावन गुप्ता ने शिकायत दी है कि कुछ दिन पहले एक व्यक्ति उनकी दुकान पर डिस्पोजल गिलास खरीदने आया। उसने अपना नाम विवेक गुप्ता बताते हुए खुद को आरबीआई का अधिकारी बताया। आरोपी ने गर्मी के मौसम में छाछ-राबड़ी वितरण के लिए 4000 डिस्पोजल गिलास की मांग की और बैंक से ऑनलाइन भुगतान कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद आरोपी ने फोन कर नए नोटों की गड्डियां उपलब्ध कराने की बात कही। घर में शादी कार्यक्रम होने के कारण सावन गुप्ता ने नए नोटों की आवश्यकता बताई तो आरोपी ने उन्हें आरबीआई कार्यालय के बाहर रुपए भेजने को कहा। दुकानदार ने अपने कर्मचारी गोविंद को 40 हजार रुपए देकर भेजा। आरोपी ने पेट्रोल पंप के पास मिलकर रुपए ले लिए और बैंक के अंदर से नए नोट लाने का कहकर चला गया, लेकिन वापस नहीं लौटा, बाद में उसका मोबाइल भी बंद मिला। आरबीआई अधिकारियों से जानकारी लेने पर पता चला कि आरोपी का बैंक से कोई संबंध नहीं है।

इसी प्रकार गांधी नगर थाना क्षेत्र के दुकानदार आकाश पाराशर ने भी 50 हजार रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। आकाश ने बताया कि आरोपी उनकी दुकान पर खरीदारी के बहाने आया और खुद को आरबीआई अधिकारी बताते हुए 10, 20 और 50 रुपए के नए नोटों की गड्डियां दिलाने का भरोसा दिया। शादी समारोह में नए नोटों की जरूरत होने पर वह 18 मई को आरबीआई कार्यालय पहुंचा। वहां आरोपी ने उसे पेट्रोल पंप के पास बुलाकर 50 हजार रुपए ले लिए और नए नोट लेकर आने की बात कहकर बैंक की ओर चला गया। काफी इंतजार के बाद भी वह वापस नहीं आया और उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। पुलिस का कहना है कि तीनों मामलों में एक ही व्यक्ति के शामिल होने की आशंका है। पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नए नोटों या किसी अन्य सुविधा के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में न आएं और किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पहले संबंधित व्यक्ति की पहचान की पुष्टि अवश्य करें।

# फर्जी एफ.एम.जी.ई. सर्टिफिकेट को सही बताने वाला मेडिकल काउंसिल का सत्यापन अधिकारी गिरफ्तार

### एसओजी की जांच में आया कि आरोपी फरहान हसन 2 से 5 लाख रुपए रिश्वत लेकर फर्जी प्रमाण पत्रों को मंजूरी देता था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** फर्जी "फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एक्जामिनेशन" (एफएमजीई) प्रमाण पत्रों के आधार पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण कराने के बहुचर्चित रैकेट का एसओजी ने पर्दाफाश किया है। एसओजी ने राजस्थान मेडिकल काउंसिल के सत्यापन अधिकारी (कनिष्ठ सहायक) फरहान हसन उर्फ फरहान नकवी निवासी मालपुरा जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर रिश्वत लेकर बिना दस्तावेजों का सत्यापन किए फर्जी प्रमाण-पत्रों को सही बताकर रिपोर्ट देने का आरोप है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि इस मामले की जांच में सामने आया है कि इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड भानाराम माली है। वह विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे उन छात्रों से संपर्क करता था, जो भारत में चिकित्सा अभ्यास के लिए अनिवार्य एफएमजीई परीक्षा पास नहीं कर पाए थे। भानाराम ऐसे छात्रों के लिए कूटरचित प्रमाण-पत्र तैयार करवाता था और इसके बदले प्रति छात्र 20 से 30 लाख रुपए तक वसूलता था। इसके अलावा इस रकम में से प्रति मामले 2 से 5 लाख रुपए राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन वेरीफाइंग ऑफिसर (सत्यापन अधिकारी) फरहान हसन को दिए जाते थे। आरोपित फरहान हसन उर्फ फरहान नकवी वर्ष 2023-24 के दौरान आरएमसी के पंजीकरण अनुभाग में कनिष्ठ सहायक एवं वेरीफाइंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत था।



**आरोपी फरहान हसन उर्फ फरहान नकवी**

- **जांच में सामने आया है कि इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड भानाराम माली है। वह विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे उन छात्रों से संपर्क करता था, जो भारत में चिकित्सा अभ्यास के लिए अनिवार्य एफएमजीई परीक्षा पास नहीं कर पाए थे।**
- **भानाराम ऐसे छात्रों के लिए कूटरचित प्रमाण-पत्र तैयार करवाता था और इसके बदले प्रति छात्र 20 से 30 लाख रुपए तक वसूलता था। इस रकम में से प्रति मामले 2 से 5 लाख रुपए राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन वेरीफाइंग ऑफिसर (सत्यापन अधिकारी) फरहान हसन को दिए जाते थे।**

आरोपित फरहान हसन उर्फ फरहान नकवी का मुख्य दायित्व विदेश से मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर लौटे अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का संबंधित राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थानों एवं अन्य एजेंसियों से सत्यापन कर रजिस्ट्रार को रिपोर्ट भेजना था। परंतु आरोपित ने वित्तीय लाभ के लिए काउंसिल के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर बिना किसी जांच-पड़ताल के फर्जी प्रमाण-पत्रों को सही बताते हुए सकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इसके आधार पर अपात्र अभ्यर्थियों को राजस्थान के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप करने और अस्थायी पंजीकरण प्राप्त करने का अवसर मिल गया। एसओजी ने अपराध प्रमाणित होने पर आरोपित फरहान हसन को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में उससे गहन पूछताछ की जा रही है। फिलहाल एसओजी आरोपित फरहान हसन से पूछताछ के आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि उसके कार्यकाल में कितने और फर्जी पंजीकरण किए गए तथा इस रैकेट में काउंसिल के अन्य कौन-कौन से अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। जांच एजेंसी को इस मामले में आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की उम्मीद है।

गौरतलब है कि एसओजी थाना जयपुर में 4 फरवरी 2026 को प्रकरण दर्ज किया गया था। अब तक की कार्रवाई में फर्जी प्रमाण-पत्रों के आधार पर इंटर्नशिप और पंजीकरण कराने वाले 17 विदेशी स्नातक डॉक्टरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसके अलावा राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा, यूडीसी अखिलेश माथुर, मुख्य आरोपी भानाराम माली तथा एक दलाल को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सार-समाचार

### प्रमुख शासन सचिव ने किया पौधारोपण



**जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रमुख शासन सचिव पशुपालन, मत्स्य, डेयरी एवं गोपालन विकास सीतारामजी भाले ने विभागीय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पशुपालन और गोपालन विभाग में पौधारोपण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आव्हान किया। भाले ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और इसका संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी को गंभीर खतरा है, इससे निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाना होगा। विभाग के निदेशक डॉ. सुरेशचंद मीना ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान सभी ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

### 200 डॉक्टर्स दिखाएंगे सुरों का कौशल

**जयपुर।** जयपुर में विगत चार वर्षों से डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता ने अपने म्यूजिकल मैचों की अनूठी संकल्पना के चलते अब तक बहुत सराहना बटोरी है। डीएमपीएल के संयोजक डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि इस वर्ष भी 31 जुलाई से 2 अगस्त तक पंचम संस्करण के टीम इवेंट का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में होगा। लीग चेयरमैन डॉ.संजीव गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग डॉक्टर्स द्वारा डॉक्टर्स के लिए आयोजित होने वाली अनोखी गायन प्रतियोगिता है, जहाँ दिन में चिकित्सकीय कौशल दिखाने वाले करीब 200 डॉक्टर्स शाम को अपने सुरों का कौशल दिखाएँगे। लीग के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता के ब्रांड एम्बेसडर प्रख्यात बॉलीवुड सिंगर डॉ रवीन्द्र उपाध्याय है ,इस लीग में टीम इवेंट्स के अलावा व्यक्तिगत प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न आयु वर्गों में एकल व युगल गायन प्रतियोगिता का ऑडिशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रतियोगिता के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक व डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि, प्रतियोगिता में आठ फ्रेंचाइजी टीमें भाग ले रही हैं, जो कि खुले ऑक्शन के माध्यम से डॉक्टर-गायकों का चयन कर अपनी-अपनी टीमें बनाएंगी।

### नगर निगम मुख्यालय में पौधारोपण



**जयपुर।** विश्व पर्यावरण के दिवस पर नगर निगम मुख्यालय में संभागीय आयुक्त.वी.सरवणे एवं निगम आयुक्त ओम कसेरा ने पौधारोपण किया। उन्होंने बिल्व पत्र के पौधे लगाते हुए कहा कि हम सभी को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधारोपण कर हरियालों राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशाा में काम करना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल, उपायुक्त (उद्यान) नीलम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यंग इनोवेटर्स को मिलेगी फंडिंग

**नई दिल्ली।** पब्लिक रिलेशन क्षेत्र की अग्रणी संस्था पीआर 24 गुणा 7 ने देश के युवा इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स को मजबूत आर्थिक सहयोग देने के उद्देश्य से एक बेहद खास और महत्वाकांक्षी पहल प्रगति (पीआर 24 गुणा 7 रिसोर्स एलोकेशन फॉर ग्रोथ, एडवांसमेंट, एंड ट्रांसफॉर्मिंग आइडियाज) की शुरुआत की है। इस नई पहल के तहत संस्था ने शुरुआती दौर के 100 यूनिक स्टार्टअप आइडियाज में 50 हजार रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का आर्थिक सहयोग देने का फैसला किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के ग्रामीण परिवेश और छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) से आने वाले बेहतरीन और अनोखे बिजनेस आइडियाज सिर्फ पैसों की तंगी की वजह से दम न तोड़ें। इस महत्वपूर्ण पहल की घोषणा करते हुए पीआर 247 के फाउंडर, डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा कि, "असली सितारे और भविष्य के बड़े बिजनेस आइडियाज हमारे ग्रामीण अंचलों और छोटे शहरों में बसते हैं। इन युवाओं के पास विजन भी है और जज्बा भी, कमी है तो बस एक सही शुरुआत और आर्थिक सहयोग की।"

### डॉ. महेंद्र कुमावत ने संभाला पदभार

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय जयपुर में आयोजित समारोह में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत, मोर्चा प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहरसिंह जोधा, बिहारी लाल विश्नोई, पूर्व मोर्चा अध्यक्ष चम्पालाल गेदर उपस्थित रहे। डॉ. महेंद्र कुमावत ने केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूँगा।

### संघ का कार्यकर्ता विकास वर्ग संपन्न

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) का समापन समारोह 6 जून को सायं 6:30 बजे आदर्श नगर स्थित सूरज मैदान में आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में गुरुद्वारा, साहिब टीला नंबर-5 के प्रधान सरदार राजन सिंह मुख्य अतिथि होंगे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल उद्बोधन देंगे। उल्लेखनीय है कि कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) का आयोजन जयपुर के राजापार्क क्षेत्र में 17 मई से किया जा रहा है, जो 7 जून तक चलेगा। 20 दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में राजस्थान क्षेत्र के 277 स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में खेल, व्यायाम, गीत, प्रार्थना और बौद्धिक सत्रों के माध्यम से अनुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के संस्कारों को व्यवहार में उतारने पर विशेष बल दिया जा रहा है। वर्ग के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह आलोक कुमार सहित अखिल भारतीय एवं क्षेत्र के कई पदाधिकारियों का प्रवास हुआ।

### जेडीए 8 जून से जोनवार लगाएगा शिविर

**जयपुर।** राज्य सरकार के लक्ष्यों की प्राप्ति और जयपुर वासियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 8 जून से जोनवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आमजन के लंबित कार्यों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि प्राधिकरण बकाया लीज मय ब्याज की प्राप्ति के लिए 8 जून से 29 जुलाई तक नागरिक सेवा केन्द्र में जोनवार कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ नवीन प्रकरणों का भी मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। शिविरों में बकाया लीज (मय ब्याज) वसूली के लिए मांग पत्र जारी किए जाएंगे,जिन प्रकरणों में मांग पत्र जारी होने के बावजूद राशि जमा नहीं की गई है, उनमें पीडीआर एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करवाकर कुर्की की कार्यवाही की जाएगी तथा जेडीए की विभिन्न योजनाओं में स्वत: निरस्त हुए भूखंडों को चिह्नित कर उन्हें नीलामी पोर्टल पर दर्ज करवाने की कार्यवाही की जाएगी। इसी के साथ ही जोन में उपलब्ध अल्पयावधि किराए या लीज की संपत्तियों और भूखंडों का पूरा विवरण जेडीए रेन्टल प्रॉपर्टी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करवाया जाएगा।

### जल महल से उठी स्वच्छता की अलख

**जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जल महल के आसपास सैकड़ों लोगों ने साफ-सफाई की और इसके बाद पौधारोपण भी किया। काइंडनेस वेलफेयर एसोसिएशन के निदेशक एवं संस्थापक रजत जैन ने बताया कि अभियान में शामिल लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, प्लास्टिक प्रदूषण पर नियंत्रण और शहर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली। निदेशक एवं संस्थापक रजत जैन ने बताया कि जल महल जयपुर की पहचान,सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल को अभियान का केंद्र बनाने का उद्देश्य लोगों में अपने शहर और विरासत के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

## सार-समाचार

### कथा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**धोरीमना**, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वामी प्रेमदास गौशाला एवं प्रेमदास तपोस्थली, बाछला में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के दौरान पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश दिया गया। कथा स्थल एवं समाधि परिसर में साधु-संतों, मातृशक्ति, युवाओं तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों सहित सैकडों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर साधु-संतों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के आधार नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन, वन्यजीवों और समस्त सृष्टि के लिए जीवनदायिनी शक्ति हैं। बढते तापमान, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर में प्रत्येक व्यक्ति का वृक्षारोपण के प्रति जागरूक होना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए संतों ने आ ान किया कि आगामी वर्षा ऋतु में प्रत्येक परिवार का हर सदस्य कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसका पालन-पोषण परिवार के सदस्य की भांति करे। संतों ने कहा कि पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे संरक्षित कर वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करना भी हमारा नैतिक दायित्व है। पौधारोपण कार्यक्रम में माताओं-बहनों और बच्चों की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का सामूहिक संकल्प भी लिया। इस अवसर पर अध्यापक किशनाराम , बाबूलाल मांजू, संत ओमानन्द , भामाशाह पप्पूराम जाणी, गोभक्त ओमप्रकाश भादू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भक्तजन उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह पौधारोपण अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी उदाहरण बना, बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराने वाला एक सशक्त संदेश भी साबित हुआ।

### एकतरफा कार्रवाई का विरोध, ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान पंचायती राज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ (पंजीकृत) जिला शाखा जालोर ने शुक्रवार को स्वच्छता कार्यों में की जा रही एकतरफा कार्रवाई एवं ग्रामीण कार्य निर्देशिका की अवहेलना के विरोध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष पोकाराम सोलंकी ने बताया कि स्वच्छता कार्यों के संबंध में बिना सुनवाई एवं उचित अवसर प्रदान किए कर्मचारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई अनुचित एवं न्यायसंगत नहीं है। इस संबंध में जिला शाखा की ओर से जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जालोर को 13 सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि बिना विधिक प्र या एवं प्रारंभिक जांच के कर्मचारियों को निलंबित करना तथा आरोप पत्र जारी करना न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। संघ ने मांग की कि पंचायती राज विभाग द्वारा जारी ग्रामीण कार्य निर्देशिका को नियमानुसार लागू कराया जाए तथा उसकी अवहेलना करने वाले संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस दौरान संघ के जिला मंत्री दलाराम घांची सहित कुन्दनसिंह, मलाराम, देवाराम बोराणा, मोहम्मद साबीर, नेमाराम सुथार, मुकेश कुमार, शंकरलाल प्रजापत, अनिल व्यास, नारायण मीणा, रेशाराम सुंधेशा, छोंगाराम देवासी, वेलाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

### पाली में होटल की ग्राउंड फ्लोर आग से जली

**पाली**,(नि.सं.)। पाली में गत देर रात न्यू बस स्टैंड के सामने स्थित अभिषेक होटल में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नया बस स्टैंड के सामने गली में तीन मंजिला होटल में गुरुवार देर रात्रि 1:30 बजे अचानक आग लग गई। ग्राउंड फ्लोर में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़की और तेजी से दूसरी और तीसरी मंजिल पर पहुंच गई। लाइट जाने से कुछ लोग बाहर निकल गए, थर्ड फ्लोर पर दो लोग गहरी नींद में सो रहे थे। दोनों को स्टाफ ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। आग से एसी, फर्नीचर, बेड आदि जलकर नष्ट हो गए। दूसरी मंजिल के कमरे के दरवाजे जल गए। दो दमकलो से आग पर काबू पाया। आग की सूचना मिलने पर मौके पर दमकल पहुंची। फायर इंचार्ज विजय राज पन्नू ने बताया कि स्थिति गंभीर देखकर दूसरे दमकल बुलाकर आग पर करीब 3 बजे तक काबू पाया गया। समय रहते बाहर लोग निकलने से बड़ा हादसा टला। आग लगते ही होटल स्टाफ अलर्ट हो गया और होटल में सो रहे लोगों को जगाया और बाल निकाला जिससे बड़ा हादसा टल गया। होटल का ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह जल गया जिसमें बेड, फर्नीचर, एसी जल गए। दूसरे मंजिल में भी कमरे के दरवाजे जले बाकी बचा लिया गया। कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया गया है।

### पोकरण में कांग्रेस पार्षद रंगा का प्रदर्शन

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण शहर में बिजली और पानी की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व पार्षद एवं पूर्व प्रतिपक्ष नेता नारायण रंगा के नेतृत्व में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। गांधी चौक से जुलूस निकालकर कार्यकर्ताओं और आमजन ने जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचकर मटके फोडकर रोष व्यक्त किया तथा विद्युत वितरण निगम के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शहर में हो रही विद्युत कटौती और पेयजल संकट से आमजन को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। ज्ञापन में नियमित बिजली आपूर्ति एवं पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मिट्टी के मटके फोडकर सरकार और प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। प्रदर्शन में महिला, पुरुष एवं युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही और जुलूस के दौरान अच्छी खासी भीड देखने को मिली। राजनीतिक गलियारों में इस प्रदर्शन को आगामी पालिका चुनावों से पहले जनहित के मुद्दों पर शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है। लंबे समय बाद स्थानीय स्तर पर बिजली और पानी जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर आयोजित इस आंदोलन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन के माध्यम से नारायण रंगा ने आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की।

### जालोर में परिक्रमा की तैयारी जोरों पर

**जालोर**, (कासं)। 14वीं अधिकमास परिक्रमा को लेकर नगर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। परिक्रमा आयोजन समिति एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के सहयोग से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर के प्रमुख मंदिरों, परिक्रमा मार्ग तथा विभिन्न स्वागत स्थलों पर साफ-सफाई, सजावट और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा लगातार बैठकों का आयोजन कर पेयजल, चिकित्सा सहायता, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थलों की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। परिक्रमा मार्ग पर आने वाले सभी प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों को आकर्षक रूप से सजाने का कार्य भी जारी है। समिति द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं, विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं को परिक्रमा में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। नगरवासियों में भी परिक्रमा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है तथा अनेक संस्थाएं सेवा कार्यों के लिए आगे आ रही हैं। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक एकता के इस महापर्व को सफल बनाने का आव्हान किया है।

### बादालाई तालाब पर पौधारोपण किया

**पोकरण**, (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पोकरण शहर स्थित बादालाई तालाब पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट जुगल किशोर व्यास ने महंत अनूपपुरी महाराज के सानिध्य में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महंत अनूपपुरी महाराज, वैद्य शरदचंद्र व्यास, मुरलीधर जोशी, देवीलाल बिस्सा, मगजी, खेतसिंह राठौड, करणसिंह पी.के. शेरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जुगल किशोर व्यास ने बताया कि पर्यावरण प्रेमियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए ऊर्जा बचत, पतली पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने, जल स्त्रोतों के संरक्षण तथा प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनजागरण का संकल्प लिया।

### युवक ने साड़ी से फंदा लगाकर जान दी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के प्रतापनगर स्थित यूआईटी कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर के कमरें में खुद को बंद कर फंदा लगा लिया। पुलिस ने बताया कि प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र की यूआईटी कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय हरिश चौहान पुत्र प्रेमराज चौहान ने अपने घर में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके भाई वीरेंद्र चौहान ने रिपोर्ट दी है। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया।

# जोधपुर मंडल रेलवे ने पर्यावरण पखवाड़े में 1500 पौधे लगाए

■ उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में पर्यावरण संरक्षण व जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए

**जोधपुर**, (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पर्यावरण पखवाड़े के तहत मंडल के कार्यालयों,रेलवे कॉलोनियों,स्टेशनों एवं रेल प्रतिष्ठानों में कुल 1500 पौधों का रोपण किया गया।

मंडल में 15 मई से 5 जून तक आयोजित पर्यावरण पखवाड़े के दौरान जल संरक्षण,ऊर्जा बचत, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने संबंधी जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। इस दौरान यात्रियों और कर्मचारियों को रेल परिसरों में प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।

वर्कशॉप कॉलोनी में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी,अपर मंडल रेल प्रबंधक करनी राम तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीताराम बुनकर सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेलवे वर्कशॉप कॉलोनी और अन्य रेलवे कॉलोनियों में पौधरोपण किया। इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से कर्मचारियों को जूट बैग भी वितरित किए गए।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है तथा रेलवे वृक्षारोपण,जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को प्रकृति संरक्षण और भावनात्मक जुड़ाव का अनूठा संदेश बताते हुए सभी से पौधरोपण के साथ पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आहवान किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हस्ताक्षर कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पॉवर) जोगेंद्र मीणा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और उनके बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

साथ ही मंडल कार्यालय में कर्मचारियों को एक-एक पौधा वितरित कर घरों में भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया।

जैसलमेर, बाड़मेर, नागौर, पाली, भगत की कोठी और मेड़ता रोड स्टेशनों के अलावा डीजल शेड भगत की कोठी, डेमू शेड मेड़ता रोड तथा भगत की कोठी ट्रिप शेड में भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वहीं स्वास्थ्य निरीक्षकों एवं स्टेशन कर्मचारियों ने जागरूकता रैलियां निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य केवल हरित आवरण बढ़ाना ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन भागीदारी और जागरूकता को भी अधिक सशक्त बनाना है।

# पर्यावरण दिवस पर जालोर के न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के तत्वावधान में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकार के तहत न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट के मुख्य आतिथ्य में पे?ों पर परिंडे लगाकर उनमें पानी भरा गया। इस दौरान अन्य न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं ने भी परिंडे लगाए और उनमें पानी भरा तथा प्रतिदिन परिंडों में पक्षियों के लिए पानी डालने व दाना डालने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला एवं सेशन न्यायाधीश कहा कि गर्मी के मौसम में कई पक्षी बिना पानी व दाने के मर जाते है, यदि हर साल परिंडे लगाकर उनमें समय समय पर दाना पानी डाला जाए तो हर साल कई पक्षियों को मरने से बचा सकते है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक सरोकारों से लोगों को भी प्रेरणा मिलती है तथा वे ऐसे कार्यों के लिए आगे आते है। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं, कर्मचारियों को भी आव्हान किया कि इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यों में ब?च? कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आगे आने का आव्हान किया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आहवान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश उमेश वीर ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खसाराम परिहार ने कहा कि इस तरह के सामाजिक सरोकारों के कार्यों के लिए बार हमेशा आगे रहेगी।

इस मौके पर सीजेएम विमल व्यास, एसीजेएम संख्या 1 राजेंद्रसिंह चारण, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खसाराम परिहार, उपाध्यक्ष अशोक माली, पुस्तकालय अध्यक्ष मनमोहन, सह सचिव फरमानअली, सह कोषाध्यक्ष महेश, एडवोकेट ईश्वरदान चारण, सरदारखान खोखर, सुरेंद्र कुमार दवे, पीपी ओम प्रकाश व्यास, गोपालसिंह राजपुरोहित, प्रवीण कुमार चौहान, तरूण सोलंकी, गोकूल परिहार, विक्रमसिंह थूंबा, जगदीश गोदारा, इंसाफअली, पदमसिंह भाटी, अश्विन राजपुरोहित, अन्नयाखान, अनिता चौहान, दिनेश कुमार सहित कई जने मौजूद रहे।

**बालोतरा संवाददाता के अनुसार** : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के अंतर्गत सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम (कैप) इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरेगा कार्यस्थल पर कार्यरत महिलाओं एवं आमजन के साथ संवाद कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। कैप इकाई की गायत्री गर्ग ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। आरयूआईडीपी के सहायक अभियंता भीरम राम ने महिलाओं को सीवरेज एवं जलापूर्ति कार्यों की जानकारी दी। पौधारोपण भी किया तथा पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

### आईआईटी का समारोह आज

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर का 12वाँ दीक्षांत समारोह 6 जून, को होगा। कुल 1,442 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट, द्वैध उपाधि, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र कार्यक्रमों की उपाधियां दी जाएंगी। दीक्षांत समारोह तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ मुख्य अतिथि होंगे।

# जैसलमेर दुर्ग में एक ओर दीवार क्षतिग्रस्त होने लगी

■ स्थानीय निवासियों तथा सामाजिक संगठनों ने प्रशासन एवं पुरातत्व विभाग से तत्काल स्थायी मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की

**जैसलमेर**, (निसं)। दुर्ग में एक बार फिर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पूर्व में गिरी दुर्ग की दीवार के पास स्थित दूसरी दीवार भी अब क्षतिग्रस्त होने लगी है। बरसात का मौसम सिर पर होने के कारण स्थानीय लोगों और व्यापारियों में डर का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, दीवार में कई जगह दरारें और झुकाव दिखाई दे रहा है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। वरिष्ठ नागरिक खेमचंद का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत और सुरक्षा कार्य नहीं किए गए तो बारिश के दौरान दीवार का हिस्सा फिर से ढह सकता है। गौरतलब है कि पूर्व में भी दुर्ग क्षेत्र में दीवार गिरने की घटना हो चुकी है, जिसमें नुकसान हुआ था। अब उसी स्थान के आसपास की दीवार कमजोर होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन एवं पुरातत्व विभाग से तत्काल स्थायी मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विश्व प्रसिद्ध धरोहर की सुरक्षा के लिए केवल अस्थायी उपाय पर्याप्त नहीं हैं।

वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी ली जा रही है और तकनीकी टीम से निरीक्षण करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बरसात से पहले सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई।

# बाड़मेर में नालों की सफाई व आवारा पशुओं की धरपकड़ शुरू

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। बारिश से पहले नालों की सफाई के लिए बाड़मेर शहर में शुक्रवार से विशेष अभियान की शुरूआत हुई। इसके अलावा आवारा पशुओं की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया।

नगर परिषद आयुक्त भगवतसिंह परमार ने बताया कि जिला कलक्टर की ओर से नगर परिषद के औचक निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की पालना में बाड़मेर के समस्त बड़े नालों की सफाई करवाई जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर बाड़मेर क्लब के पीछे एवं जिला कलक्टर आवास के पास से नालों की सफाई के अभियान की शुरूआत की गई। शुक्रवार सुबह नगर परिषद की टीमों ने जेसीबी की मदद से नाले की सफाई कार्य को अंजाम दिया। नालों में जमा कचरा, गाद और अवरोधों को हटाने का कार्य संपादित करवाया, ताकि बारिश में ओवर फ्लो के साथ संबंधित इलाकों में जल भराव की समस्या नहीं हो। नालों की सफाई के विशेष अभियान के तहत शनिवार को कन्या महाविद्यालय के आगे से गायत्री मंदिर तक नाले की सफाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को लेकर नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। बाड़मेर में आवारा पशुओं से होने वाले हादसों को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न स्थानों पर धरपकड़ की कार्यवाही की गई। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा। नगर परिषद की टीमें अब नियमित विभिन्न मोहल्लों में आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें गौशालाओं में भेजने का कार्य कर रही है। इसके अलावा पशुओं को सार्वजनिक स्थानों पर चारा डालने वाले लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। सार्वजनिक शमशान घाट के बाहर एवं सिणधरी चौराहे पर चारा विक्रेताओं से दो दिनों में 3500 रुपए का जुर्माना वसूलने के साथ जब्त चारा स्थानीय गौशाला में वितरित किया गया।

### जसवंतपुरा क्षेत्र में पौधारोपण किया

**जसवंतपुरा**, (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं पर्यावरण दिवस पर हरियालों राजस्थान के तहत जसवंतपुरा मण्डल में एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत अनेकों स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आमजनों ने पौधारोपण किया गया।

इसी तरह राजस्थान सरकार के वन विभाग द्वारा जसवंतपुरा मुख्यालय के जोड वन नर्सरी में भी पौधे वितरण कार्यक्रम के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी मुकेश कुमार खण्डेलवाल व उप जिला कलेक्टर ओमप्रकाश, तहसीलदार निरजा कुमारी, रेंजर प्रदीप सिंह राठौड, अतिरिक्त विकास अधिकारी पृथ्वी सिंह, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री डिम्पल सिंह चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दौलत सिंह कलापुरा सहित मण्डल भाजपा पदाधिकारी व आमजन की उपस्थिति में वृक्षारोपण कर वृक्षों के सुरक्षा हेतु विधिवत् शपथ ग्रहण करवाई गई।

इस मौके पर जितेन्द्र अग्रवाल,मण्डल महामंत्री नाथाराम चौधरी, लक्ष्मण सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पाली में विद्यार्थियों ने चित्रकला से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**पाली**, (नि.सं.)। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर इस वर्ष की थीम प्रकृति से प्रेरित - जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पाली एवं वन विभाग, पाली के संयुक्त तत्वावधान में वंदे मातरम् छात्रावास, पाली में राजस्थान राज्य भारत स्काउट के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों, उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रावास कर्मचारियों को कपड़े के बैग वितरित किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विभाग द्वारा पुरस्कार एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं वन विभाग, पाली द्वारा लाखोटिया उद्यान में रन फॉर एनवायरमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता इशरत जहान द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण दिवस की थीम के महत्व से अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने सभी से प्रकृति संरक्षण एवं सतत विकास के लिए सक्रिय सहभागिता का आहवान किया। छात्रावास परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वन विभाग, पाली से साहिल पोसवाल, सहायक वन संरक्षक मदनसिंह बोड़ा, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रकाश पटेल, आशिक खान, ईश्वर एवं वनरक्षक महेन्द्र सिंह सहितकई जने उपस्थित रहे।

वहीं विश्व पर्यावरण दिवस व वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के समापन पर आज शुकवार को जिले भर में विभिन्न विभागों के समन्वय से अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें जल एवं पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, स्वच्छता आदि के महत्व पर बल दिया गया। आज आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जगत नाड़ी स्थित वंदे मातरम हॉस्टल, महादेव बगीची वाली रोड पर विविध पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण दव, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, सुनिल भडारी वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जिला सयोजक तिलोक चौधरी, पुखराज पटेल, देविलाल मेघवाल, नारायण कुमावत आदि मौजूद रहे।


**न्यायालय जिला न्यायाधीश, जालोर (राज.)**
**बइजलास- श्री बन्नालाल जाट**
**"आर.जे.एस." (जिला जज संवर्ग)**
**दी.वि. प्रकरण संख्या- 09/2026**
**तारीख पेशी- 29.06.2026**

1. कान्तिलाल पुत्र स्वर्गीय धर्माशंकर, उम्र 63 वर्ष, जाति भट्ट निवासी आकोली, तहसील व जिला जालोर जरिये संरक्षक प्रकाश भट्ट पुत्र स्वर्गीय धर्माशंकर उम्र 64 वर्ष, जाति भट्ट निवासी आकोली, तहसील व जिला जालोर।
2. प्रकाश भट्ट पुत्र स्वर्गीय धर्माशंकर उम्र 64 वर्ष जाति भट्ट निवासी आकोली, तहसील व जिला जालोर।

बनाम

हर आम व खास

प्रार्थना पत्र बावत मानसिक विकृत कान्तिलाल का नैसर्गिक संरक्षक (विधिक संरक्षक) नियुक्त कर नैसर्गिक संरक्षक (विधिक संरक्षक) प्रमाण पत्र जारी करवाने अन्तर्गत धारा 71 द इन्डियन लुनेसी एक्ट 1912 सपठित मानसिक स्वास्थ्य अधि. 2017

हर आम व खास को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन कि कि प्रार्थी संख्या-2 प्रकाश भट्ट को मानसिक विकृत प्रार्थी संख्या-1 कान्तिलाल का नैसर्गिक संरक्षक (विधिक संरक्षक) नियुक्त कर नैसर्गिक संरक्षक (विधिक संरक्षक) प्रमाण पत्र जारी किया जाने हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर/ऐतराज हो तो असालतन/वकालतन न्यायालय में आगामी तारीख पेशी 29.06.2026 को पेश करें अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जाएगा।

नोटिस आज दिनांक 29.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

मोहर

आदेशानुसार-वरिष्ठ मुंसरिम,
जिला न्यायालय, जालोर



**सम्मन बनाम मुद्दायलाई बिनावर कायमी तनकीयात**
**(ऑर्डर नियम 1 व 5 जाब्ता दीवानी)**
**अज अदालत श्रीमान सहायक कलेक्टर महोदय जालोर**
**इजलास सहायक कलेक्टरम (एस डी.ओ.), जालोर**
**मुद्दई - देसकंवर वगैरह बनाम अर्जुनसिंह वगैरा**
**दावा बाबत् विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा**
**मुकदमा संख्या-राजस्व वाद संख्या 202603124200003/2026**

मुस्मी 1. अर्जुनसिंह पुत्र जांवतसिंह, 2. ओमसिंह पुत्र भैरसिंह कालुसिंह पुत्र इन्द्रसिंह, 3. गणपतसिंह पुत्र फतेहसिंह, 4. गणपतसिंह पुत्र जांवतसिंह, 5. चंदनसिंह पुत्र सरदारसिंह, 6. छैलसिंह पुत्र इन्द्रसिंह, 7. तेजसिंह पुत्र अचलसिंह, 8. देशुकंवर पत्नी भीमसिंह, 9. निरूकंवर पुत्री इन्द्रसिंह, 10. पुनमसिंह पुत्र फतेहसिंह, 11. प्रतापसिंह पुत्र भैरसिंह, 12. पावुसिह पुत्र फतेहसिंह, 13. पारसकंवर पत्नी स्व. इन्दसिंह, 14. बिबाकंवर पुत्री इन्द्रसिंह 15. भूतसिंह पुत्र जांवतसिंह 16. मीठूसिंह पुत्र भीमसिंह 17. मोहनकंवर पत्नी स्व. भैरसिंह 18. संतोष भाटी पुत्री भैरसिंह 19. संपतकंवर पुत्री अचलसिंह 20. सुरजकंवर पत्नी अचलसिंह 21. सवसिंह पुत्र शोभसिंह 22. सोहनसिंह पुत्र फतेहसिंह 23. महावीरसिंह पुत्र चंदनसिंह 24. विजयसिंह पुत्र चंदनसिंह, सर्वजातियान राजपुत, निवासीगण ऐलाना, तहसील व जिला जालोर हरगाह कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक दावा बावत् विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दायर किया है लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाब देही के लिये तारीख 30 माह 6 सन् -2026 2026 को दिन के 11:00 एम बजे अदालत हाजा मे असालतन या मारफत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमें के वाकिफ किया गया हो व कुल अभूर अदम मुताबिक जवाब दें सकें, या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर रहने के लिये तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमला दस्तावेजात जिस पर आप अपनी जवाबदेही का साईद मे इस्तेमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करो। आगाह रहो कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 27 माह 05 सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से-रीडर
सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) जालोर


# पौधारोपण करना हम सबकी जिम्मेदारी है : अतुल भंसाली

■ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के अंतर्गत नगर वन कायलाना में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर वन कायलाना में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वन विभाग कार्मिकों, पर्यावरण प्रेमियों तथा आमजन ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि भविष्य की पीढियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से आ ान किया कि प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण को एक संकल्प के रूप में अपनाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से अधिकाधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाया जा सकता है तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों क्षेत्रों में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने का आ ान करते हुए कहा कि जल संकट की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता और जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से जल बचाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा अधिकाधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आठाह किया।

संभागीय मुख्य वन संरक्षक अनूप के. आर. ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि प्रकृति हरियाली की चादर ओढ़ सके। उन्होंने पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

पर्यावरण प्रेमी प्रसन पूरी ने कहा कि स्थानीय जलवायु एवं भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रजातियों का चयन कर पौधारोपण किया जाना चाहिए, जिससे पौधों के जीवित रहने और विकसित होने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने युवाओं से अधिकाधिक पौधारोपण कर जोधपुर को हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने का संदेश दिया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया

कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं जनजागरूकता गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशंसा-पत्र एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित ठामीणों एवं नागरिकों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा अधिकाधिक पौधारोपण करने का सामूहिक संकल्प लिया।

### पौधारोपण किया

**जालोर**, (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत स्काउट गाइड जालोर की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम, पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडीजी जालोर में किया गया।

मुख्य अतिथि ईश्वर सिंह शिक्षा विभाग जालोर,विशिष्ट अतिथियों में तेनसिंह परमार निर्देशक सुबोध विद्या मंदिर जालोर, अरविंद कुमार संस्था ने कार्यक्रम को संबोधित किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लेटा पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/मनरेगा/2026-27/22 दिनांक-05.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत लेटा के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना/वीबी जी रामजी योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विर्निमाता (ओ)/विक्रेता (ओ)/फर्मो/संवेदकों/आपर्तिकर्ताओ से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

**NIB NO. ZJR2627A0255, UBN NO. ZJR2627GLOB00287**

प्रशासक, ग्राम पंचायत लेटा, पंचायत समिति, जालोर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लेटा, पंचायत समिति, जालोर



**कार्यालय नगरपालिका मण्ड़ल, सायला (जालौर)**

(पुराना बस स्टेण्ड़, सायला-343022) E-mail : mbsayla2024@gmail.com

क्रमांकः न.पा.सा./भूमि शा./2025-26/661 दिनांकः- 01.06.2026

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा 69-क के तहत आवासीय व वाणिज्यिक एवं गैर कृशिक प्रयोजन राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क अधीन आवासीय व वाणिज्यिक आवेदन पत्रावली पट्टा हेतु कार्यालय में प्रस्तुत की गयी है। इस संबंध मे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 (सात) दिवस में मय सबूत दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित रहें, जो पत्रावली विवरण निम्न प्रकार है:-

69-क के तहत आवासीय व वाणिज्यिक एवं गैर कृशिक प्रयोजन राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम आवेदन पत्रावली -

| क्र. स. | पत्रावली सं. | प्रार्थी का नाम | पिता/पति का नाम | मौहल्ला/वार्ड संख्या | भूमि का क्षैत्रफल वर्गमीटर | नियमन हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 80/2026-27 | श्रीमती मीना देवी | श्री अरविन्द कुमार जीनगर | मेघवालो का धोरा कांखी रोड़ ,सायला | 69.676 व.मी | आवासीय |
| 2 | 81/2026-27 | श्री महेन्द्र सिहं | श्री नरसिंह दान चारण | विश्वकर्मा कोलोनी, सायला | 116.17 व.मी | आवासीय |

भवन निर्माण आपत्ति

| क्र. स. | पत्रावली सं. | प्रार्थी का नाम | पिता/पति का नाम | मौहल्ला /वार्ड संख्या | भूमि का क्षैत्रफल | नियमन हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10/2026-27 | श्रीमती पार्वती देवी | श्री बगाराम | पुलिस थाने के पास वाली गली , सायला | 116.54 व.मी | आवासीय |
| 2 | 11/2026-27 | श्री रिषभ कुमार | श्री शिवराज मुथा | शान्तिपुरा, सायला | 206.70 व.मी | वाणिज्यिक |
| 3 | 12/2026-27 | श्रीमती पुष्पा बाई मुथा | श्री शिवराज मुथा | शान्तिपुरा, सायला | 206.70 व.मी | वाणिज्यिक |
| 4 | 13/2026-27 | श्रीमती खुशबु | श्री शिवराज मुथा | शान्तिपुरा, सायला | 206.70 व.मी | वाणिज्यिक |
| 5 | 14/2026-27 | श्रीमती काजल | श्री शिवराज मुथा | शान्तिपुरा, सायला | 206.70 व.मी | वाणिज्यिक |

राज.संवाद/सी/26/4280 अधिशाषी अधिकारी



आधुनिक टेस्ट क्रिकेट में अब पारंपरिक 'मूविंग डे' तीसरे दिन नहीं, बल्कि पहले दिन ही आ गया है। - काइल जैमीसन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज, पहले दिन 16 विकेट गिरने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### एंडोनी इराओला

**प्रीमियर** लीग क्लब लिवरपूल ने पूर्व बॉर्नमाउथ मैनेजर एंडोनी इराओला दो साल के अनुबंध पर टीम का नया मैनेजर नियुक्त किया। क्लब ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। 43 वर्षीय इराओला डच कोच आर्ने स्लॉट की जगह लेंगे। स्पेन के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इराओला ने 2003 से 2015 तक एथलेटिक बिलबाओ के लिए खेला था। उन्होंने 2023 में बॉर्नमाउथ की कमान संभाली और क्लब के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया। 2024-25 सीजन में बॉर्नमाउथ ने 56 अंक हासिल किए और लीग में नौवां स्थान प्राप्त किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** सबसे बड़ी जीत : भारत ने 12 दिसंबर 1956 को सिडनी में खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया को 7-1 से हराया था।

## 66वां केन्द्रीय आवासीय जनजाति खेलकूद प्रशिक्षण शिविर आज से बांसवाड़ा में

जयपुर, 5 जून। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर के द्वारा बांसवाडा जिले में 66वां केन्द्रीय आवासीय जनजाति खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शनिवार से जिला खेल स्टेडियम, बांसवाडा में किया जायेगा। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजकेश मीणा ने बताया कि 21 दिवसीय शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रिय विकास विभाग मंत्री श्री बाबूलाल खराडी होगें। उन्होने बताया कि शिविर 6 जून से 26 जून तक आयोजित किया जायेगा। इस दौरान बालक/बालिका खिलाडियों को नि:शुल्क आवास, भोजन और कोचिंग दी जायेगी। राजकेश मीणा ने बताया कि बांसवाडा शिविर का निदेशक जिला खेल अधिकारी श्री धनेश्वर मईडा को नियुक्त किया गया है, शिविर का समन्वयक श्री नरेन्द्र भूरिया, खेल प्रबन्धक को बनाया गया है। उन्होने बताया कि शिविर में 9 खेलों को शामिल किया गया है, जिसमें हॉकी, खो-खो, एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, हैंडबाल, तीरंदाजी, बास्केटबाल और फुटबाल है। शिविर में 151 बालक और 122 बालिकाओं सहित कुल 273 खिलाडी भाग ले रहें है।

## राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से लालगढ़ जांटान में आयोजित होगी

जयपुर, 5 जून। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में ज़िला हैंडबॉल संघ, श्रीगंगानगर द्वारा 43वीं राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका)-2026-27 का आयोजन 6 से 9 जून तक लालगढ़ जाटान (श्रीगंगानगर) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 54 टीमे भाग ले रही है, जिसमें बालक वर्ग में 34 एवं बालिका वर्ग में 20 टीमे भाग ले रही है। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट कम सुपर लीग के आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता के लिये चार ग्राउंड तैयार किये गये है। जिसमें एक फ्लड लाइट ग्राउंड है।प्रतियोगिता के दौरान ही आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के राज्य बालक एवं बालिका टीमों के लिए 30-30 संभावितों का भी चयन राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार शाम 6.30 बजे विधायक, सादुलशहर गुरवीर सिंह बराड़ करेंगे। बालक वर्ग की टीमों को आठ एवं बालिका वर्ग की टीमों को चार पूल में बाँटा गया है। बालक वर्ग:- पूल ए- श्रीगंगानगर, अजमेर, टोंक , उदयपुर। पूल बी-में जयपुर, अलवर, चूरू, इंस्पिरेशन अकैडमी जोधपुर। पूल सी- भीलवाड़ा, झालावाड़, जालोर, जय भवानी अकैडमी। पूल डी-बीकानेर, बारां, जैसलमेर, एस टी सी नोसगे। पूल ई- बूंदी, हनुमानगढ़, प्रतापगढ़, आर पी भादू अकैडमी। पूल एफ- जयपुर हैंडबॉल अकैडमी, बांसवाड़ा, राजसमंद, सीकर। पूल जी- ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकैडमी, चित्तौड़गढ़, सवाईमाधोपुर, कृपा बाबा अकैडमी, महाराणा प्रताप अकैडमी। पूल एच- करौली, नागौर, दुलमाना अकैडमी, माही अकैडमी बांसवाड़ा, बाड़मेर। बालिका वर्ग:- पूल ए-जयपुर, सीकर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, दुलमाना अकैडमी। पूल बी- श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, महाराणा प्रताप अकैडमी चित्तौड़गढ़, बीकानेर, भौम सिंह अकैडमी। पूल सी- टोंक, अजमेर, जोधपुर, ज्ञान ज्योति अकैडमी, माही अकैडमी बांसवाड़ा। पूल डी- हनुमानगढ़, चूरू, करौली, सिरोही, जयपुर हैण्डबॉल अकैडमी।

**प्रतियोगिता में भाग लेने वाली जयपुर की टीमें:- बालक वर्ग-**उपेंद्र सिंह राठौड़ (कप्तान), पुष्पेंद्र सिंह, विकाश, जसमन सिंह, गौरव, आशीष, रमन सुथार, दुष्यंत बैरवा, विकास यादव, करण महावर, वीरेंद्र प्रताप सिंह, नरेश। **बालिका वर्ग:-** ममता मिठारवाल (कप्तान), हिना कुमारी वैष्णव, मुस्कान, गीतांजलि, गुड्डी, प्रियंका, वर्षा जाखड़, विशाखा, काजल कंवर, दीपिका, निशा, काजल गुर्जर।

## ब्रदर्स फुटबॉल क्लब और रॉयल फुटबॉल क्लब जीते

जयपुर, 5 जून। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर के फुटबॉल मैदान पर रविवार को अंडर - 13 राजस्थान लीग के चार मैच खेले गए। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज खेले गए पहले मुकाबले में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने राजस्थान फुटबाल स्कूल को 4-0 से पराजित किया। ब्रादर्स की तरफ से समर्थ कुमार, ने 52,70 मिनट पर जसन, ओर नकुल, ने 15 ओर 49 मिनिट पर गोल किए। दूसरे मुकाबले में जयपुर एलीट ओर जयपुर फूटसाल क्लब के बीच एक संघर्ष पूर्ण मुकाबला हुआ जिसमें दोनों ही टीम गोल करने में नाकाम रही मुकाबला 0-0 से बराबरी पर रहा। तीसरे मैच में रॉयल फुटबॉल क्लब ने ए एस एल फुटबाल क्लब को 6-2 से पराजित किया। रॉयल की तरफ से समर परताप ने 16 और 21 मिनट, पर मुबिन ने 22, ओर 30 मिनट मोहित ओर निदेश ने 20 ओर 25 मिनट पर गोल किया। ए एस एल की तरफ से राजेंद्र ने 4,8 मिनिट पर गोल किया। आखरी मैच जयपुर बॉयज और गर्ल्स फुटबॉल क्लब ने रेड स्टोन फुटबॉल क्लब को 3-0 से पराजित किया जिगर ने 18, मिनट में, कुणाल कलाल ने 42, मिनट पर ओर आयन 55, गोल किया।

# बीसीसीआई आज करेगा 4 टीमों का ऐलान, मिलेगा नया कप्तान



नई दिल्ली, 5 जून। भारतीय क्रिकेट बोर्ड शनिवार को चार सीरीज/टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का ऐलान करेगा। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार अजीत अगरकर और सचिव देवजीत सौकिया की अगुवाई वाली पुरुष चयन समिति शनिवार को बीसीसीआई मुख्यालय में आगामी विभिन्न सीरीज और टूर्नामेंट के लिए भारत की टीमों के चयन को लेकर लिए बैठक करेगी। बैठक में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी-20 सीरीज, इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज, जापान में होने वाले 2026 एशियाई खेल के लिए सीनियर टीम की घोषणा और श्रीलंका में होने वाले दो बहुदिवसीय मैचों के लिए इंडिया ए टीम का चयन किया जायेगा। चयन बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में टीमों की घोषणा की जायेगी।

### कब होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की एक विज्ञप्ति के अनुसार चयन समिति की बैठक बोर्ड के मुख्यालय में होगी, जिसके बाद मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और सचिव देवजीत सैकिया मीडिया को संबोधित करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर एक बजे के करीब होगी। इस दौरान चयनकर्ता नए कप्तान का भी ऐलान करेंगे। टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को उनके पद से हटाया जा रहा है। इसके अलावा उनको टीम से भी बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। उनकी जगह पर श्रेयस अय्यर टीम के नए कप्तान बनने के प्रबल दावेदार हैं। तिलक वर्मा को टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया जा सकता है।

### श्रेयस को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

अय्यर को आईपीएल में एक कप्तान और बल्लेबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिल रहा है। उनकी कप्तानी में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी (दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स) आईपीएल फाइनल पहुंची और उन्होंने एक बार ट्रॉफी जीती है। इसके अलावा कप्तान रहते हुए उनकी बल्लेबाजी फॉर्म में कोई गिरावट नहीं आई है। उनकी एकमात्र कमी इस साल आईपीएल के दूसरे भाग में पंजाब किंग्स के खराब प्रदर्शन में देखने को मिली है, जबकि शुरुआत में उन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में आइची-नागोया में होंगे और निर्धारित समय सीमा को देखते हुए टीम की घोषणा समय से पहले की जा रही है। ऐसी संभावना है कि मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा नए उप-कप्तान होंगे, जबकि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा।

चयन समिति ब्रिटेन दौरे और सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए दो अलग-अलग टीमों की घोषणा करेगी। एशियाई खेलों के लिए तिलक वर्मा को कप्तान बनाया जा सकता है और सूर्यवंशी के भी उस टी20 टीम का हिस्सा होने की संभावना है। कुछ नए नाम इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिनमें तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे भी शामिल हैं।


### भारत का इंग्लैंड दौरा

भारत के यूके दौरे की शुरुआत आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से होगी। आयरलैंड के खिलाफ 26 जून और 28 जून को दो टी20 मैच खेला जाएगा, जहां श्रेयस अय्यर कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। इसके बाद भारतीय टीम इंग्लैंड जाएगी, जहां वो पांच टी20 और तीन वनडे मैच एक जुलाई से खेलेगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच शनिवार से खेला जाएगा। इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ पहला वनडे 13 जून, दूसरा वनडे 17 जून को लखनऊ में और तीसरा वनडे 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। भारत इसके बाद अपना अगला वनडे इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई को खेलेगा। तब भारतीय टीम तीन वनडे मैच की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी।

## खराब रोशनी में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल के पक्ष में

# नतीजा निकलने का मौका मिलना चाहिए : गंभीर



न्यू चंडीगढ़, 5 जून । भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें खराब रोशनी की स्थिति में टेस्ट मैच के दौरान लाल गेंद की जगह गुलाबी गेंद के इस्तेमाल की बात कही गई है।

गंभीर ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा कि यदि मैच का परिणाम निकालने का मौका बनता है, तो उसे हर हाल में उपलब्ध कराया जाना चाहिए। यदि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी टेस्ट निर्णायक हो और खराब रोशनी के कारण पूरा मैच न खेला जा सके, तो यह टीमों के साथ अन्याय होगा।

उन्होंने कहा, मैं इस विचार का समर्थन करता हूं। अगर दोनों टीमों के कप्तान सहमत हों और मैच का परिणाम निकल सकता हो, तो ऐसा होना चाहिए। खिलाड़ी दो साल मेहनत करते हैं और अगर खराब रोशनी की वजह से अवसर छिन जाए तो यह उचित नहीं होगा।

भारतीय टीम हाल ही में घरेलू टेस्ट शृंखला में दक्षिण अफ्रीका से 2-0 से हार चुकी है। फिलहाल भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में नौ मैचों में 48.15 प्रतिशत अंकों के साथ छठे स्थान पर है। इसके बावजूद गंभीर ने फाइनल में पहुंचने को लेकर भरोसा जताया।

उन्होंने कहा, जब तक आपके पास फाइनल में पहुंचने का मौका है, तब तक उम्मीद बनी रहती है। हमारे पास प्रतिभा और गुणवत्ता दोनों हैं। एक खराब शृंखला से हमारी क्षमता कम नहीं हो जाती। ड्रेसिंग रूम में हर खिलाड़ी मानता है कि हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत सकते हैं।

### साई सुदर्शन को और मौके देने के पक्ष में गंभीर

अफगानिस्तान टेस्ट भले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, लेकिन श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ आने वाली टेस्ट शृंखलाओं से पहले यह भारत के लिए महत्वपूर्ण मुकाबला माना जा रहा है। भारत को तीसरे क्रम के बल्लेबाज की तलाश है, क्योंकि शुभमन गिल के चौथे स्थान पर जाने के बाद यह स्थान खाली हुआ है। इस स्थान के लिए साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल को विकल्प माना जा रहा है।

हालांकि गंभीर ने साफ किया कि साई सुदर्शन को अभी पर्याप्त अवसर नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा, साई ने अभी बहुत कम टेस्ट खेले हैं और उनका टेस्ट करियर इंग्लैंड जैसे कठिन हालात में शुरू हुआ। उन्होंने हाल में शानदार प्रदर्शन किया है और उन्हें उचित अवसर मिलना चाहिए।

देवदत्त पडिक्कल को लेकर गंभीर ने कहा कि उनका समय आने पर उन्हें भी लगातार मौके दिए जाएंगे, लेकिन फिलहाल टीम साई सुदर्शन को लंबा अवसर देना चाहती है। उन्होंने कहा, अगर हम किसी खिलाड़ी को सिर्फ चार-पांच टेस्ट के आधार पर आंकेंगे तो भविष्य की मजबूत टीम नहीं बना पाएंगे। साई विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## पाकिस्तान ने ठुकराया भारत का निमंत्रण, एशियाई तलवारबाजी प्रतियोगिता में नहीं भेजेगा अपनी टीम



नई दिल्ली, 5 जून। नई दिल्ली में इस महीने आयोजित होने जा रही एशियाई वरिष्ठ तलवारबाजी प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। हालांकि प्रतियोगिता शुरू होने से पहले एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। पाकिस्तान ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला किया है, जबकि भारत की ओर से उसे आधिकारिक निमंत्रण दिया गया था।

बता दें कि भारत पहली बार इस प्रतिष्ठित एशियाई प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। यह प्रतियोगिता 19 जून से नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित की जाएगी। मौजूद जानकारी के अनुसार एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के 30 से अधिक देशों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले हैं।

भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने बताया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों देशों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। हालांकि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने तक दोनों देशों की ओर से किसी भी खिलाड़ी या दल का पंजीकरण नहीं कराया गया है। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय खेल संबंधों पर रोक बनी हुई है। इसके बावजूद भारत ने स्पष्ट किया था कि बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। इसी नीति के तहत पाकिस्तान को इस प्रतियोगिता का निमंत्रण भेजा गया था।

राजीव मेहता ने बताया कि अब खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए यात्रा दस्तावेजों की प्रक्रिया चल रही है। प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि काफी पहले समाप्त हो चुकी है और अब प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े अंतिम इंतजाम किए जा रहे हैं।

मौजूद जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता के दौरान एशियाई तलवारबाजी परिसंघ की महासभा की बैठक भी आयोजित होगी। यह पहली बार होगा जब इस संस्था का शीर्ष नेतृत्व भारत में एकत्रित होगा। अंतरराष्ट्रीय तलवारबाजी महासंघ के अंतरिम अध्यक्ष अब्देलमोनेइम एल हुसेनी के भी इस अवसर पर भारत आने की संभावना जताई गई है।

प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर भारतीय तलवारबाजी संघ लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ समन्वय कर रहा है। आयोजकों का कहना है कि खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।


हालांकि कुछ देशों के खिलाड़ियों और अधिकारियों को यात्रा दस्तावेज प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राजीव मेहता ने बताया कि हांगकांग के प्रतिनिधियों को यात्रा दस्तावेजों के लिए समय मिलने में परेशानी हो रही है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के कुछ आवेदनों को भी स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

गौरतलब है कि गुरुवार को 200 से अधिक खिलाड़ियों और अधिकारियों से जुड़े दस्तावेजों को मंजूरी दी गई है। इसके बावजूद कुछ मामलों में प्रक्रिया अभी जारी है। आयोजकों को उम्मीद है कि प्रतियोगिता शुरू होने से पहले सभी लंबित मामलों का समाधान कर लिया जाएगा।

## नॉर्वे शतरंज 2025 : प्रज्ञानानंद ने ऑल-इंडियन मुकाबले में गुकेश को हराया, खिताबी दौड़ में बरकरार

ओस्लो (नॉर्वे), 5 जून। नॉर्वे शतरंज 2026 के नौवें दौर में शुक्रवार को रोमांच चरम पर पहुंच गया। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराकर खिताब की दौड़ को अंतिम दौर तक जीवित रखा। वहीं महिलाओं की प्रतियोगिता में बिबीसारा अस्साउबायेवा ने एक दौर शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया। ओपन वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मैग्नस कार्लसन और अमेरिका के वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद खेले गए आर्मागेडन मुकाबले में वेस्ली सो ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए और अंतिम दौर से पहले अपनी बढ़त बनाए रखी। दिन का सबसे बड़ा परिणाम भारतीय खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में देखने को मिला। काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंद ने गुकेश को पराजित किया। मध्य खेल (मिडल गेम) में दबाव बनाने के बाद प्रज्ञानानंद ने शानदार तरीके से मैच अपने नाम किया और पूरे तीन अंक हासिल किए। इस जीत के बाद प्रज्ञानानंद के 15 अंक हो गए हैं और वे अब शीर्ष पर चल रहे वेस्ली सो से केवल आधा अंक पीछे हैं। दूसरी ओर, फ्रांस के अलीरजा फिरोजज़ा भी खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। उन्होंने क्लासिकल मुकाबले में कठिन स्थिति से वापसी की और बाद में आर्मागेडन में विन्सेंट कीमर को हराकर अतिरिक्त अंक हासिल किए।

## स्पिन के भरोसे टीम इंडिया को मात देगा अफगानिस्तान : कोच फिल पायबस



न्यू चंड़ीगढ़, 5 जून। अफगानिस्तान के मुख्य कोच रिचर्ड पायबस ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच का परिणाम काफी हद तक इस पर निर्भर करेगा कि दोनों टीम के बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी की चुनौती का सामना कैसे करते हैं। भारत और अफगानिस्तान दूसरी बार टेस्ट क्रिकेट में एक दूसरे का सामना करेंगे। इससे पहले इन दोनों टीम के बीच 2018 में बेंगलुरु में टेस्ट मैच खेला गया था जिसे भारत ने दो दिन के अंदर जीत लिया था। मुख्य कोच रिचर्ड पायबस ने टेस्ट की पूर्व संध्या पर यहां पत्रकारों से कहा, पिच पर घास कब तक बनी रहती है और दोनों टीम के बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों का किस तरह से सामना करते हैं, इससे भी टेस्ट मैच का परिणाम तय होगा। अफगानिस्तान की टीम में उनके स्टार स्पिनर राशिद खान नहीं हैं, जिन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत विश्राम दिया गया है। यह लेग स्पिनर आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेला था और उनकी टीम फाइनल तक पहुंची थी। पायबस ने कहा कि राशिद को लंबे समय से पीठ से जुड़ी समस्या रही है। उन्होंने कहा, राशिद खान को लंबे समय से पीठ की समस्या है, लेकिन अगर उनकी टेस्ट क्रिकेट में खेलने की कोई संभावना है तो मैं उनसे बात करूंगा।

## लॉर्ड्स में इंग्लैंड का मास्टरस्ट्रोक, 140 पर ढेर होकर भी कीवी टीम को किया पस्त

नई दिल्ली, 5 जून। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच शुरू हुए पहले टेस्ट मुकाबले का पहला दिन रोमांच और उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा है। बादलों से ढका आसमान, गेंदबाजों के लिए मददगार पिच और लगातार स्विंग व सीम मूवमेंट ने बल्लेबाजों के लिए हालात बेहद कठिन बना दिए हैं। यही वजह रही कि पहले ही दिन दोनों टीमों के कुल 16 विकेट गिर गए हैं। न्यूज़ीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और उनका निर्णय पूरी तरह सही साबित हुआ है। काइल जैमीसन ने वापसी मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी है।

## एशियन जूनियर स्क्वैश में राजस्थान का दमदार प्रदर्शन, खेलमंत्री ने खिलाड़ियों को दी बधाई



जयपुर, 5 जून। चीन में आयोजित एशियन जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर लौटे राजस्थान के युवा खिलाड़ियों को शुक्रवार को प्रदेश के खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बधाई दी और अभिनंदन किया। एशियन चैंपियनशिप में अंडर-13 गर्ल्स वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली दिव्यांशी जैन और अंडर-13 बॉयज वर्ग में पांचवां स्थान हासिल करने वाले धैर्य गोगिया ने भारतीय टीम की कोच सुरभि मिश्रा के साथ खेलमंत्री से मुलाकात की। ये दोनों खिलाड़ी एसएमएस स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी के प्रशिक्षु हैं।

खेलमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को राजस्थान के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के खिलाड़ी लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने दिव्यांशी को कांस्य पदक जीतने पर विशेष बधाई दी और धैर्य के प्रदर्शन की भी सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम देने का विश्वास जताया।

मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों ने जयपुर स्थित एसएमएस स्टेडियम परिसर में स्क्वैश के लिए अत्याधुनिक ग्लास कोर्ट स्थापित कराने की मांग रखी। इस पर खेलमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए ग्लास कोर्ट का कार्य शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। खेलमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

## भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराया


काकामिगाहारा (जापान), 5 जून। भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-3 से हराकर अंडर-18 पुरुष एशिया कप 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अंतिम क्वार्टर तक 2-3 से पीछे चल रही भारतीय टीम ने जबरदस्त आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत की जीत के नायक आशीष तानी पूर्ति रहे, जिन्होंने चार गोल दागकर मैच का रुख बदल दिया।

## जयपुर जिला शूटिंगबाल के शिवराज सिंह शक्तावत अध्यक्ष व संग्राम सिंह सचिव

जयपुर, 5 जून। जयपुर जिला शूटिंगबाल संघ की चुनावी साधारण सभा मे जयपुर जिला शूटिंगबाल संघ के आगामी चार वर्षो के लिये हुये चुनावो मे शिवराज सिंह शक्तावत अध्यक्ष , संग्राम सिंह सचिव व अंतर्राष्टीय खिलाडी रहे डी.एन.उपाध्याय पुनः कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किये गये।

निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार शर्मा ने जयपुर जिला क्रीडा परिषद के पर्यवेक्षक खेल अधिकारी मानसिंह , जिला औलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक राहुल तंवर, राज्य शूटिंगबाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर्यवेक्षक के. आर. खान के पर्यवेक्षण मे जयपुर जिला शूटिंगबाल संघ की निर्विरोध निर्वाचित कार्यकारिणी की आज घोषणा की जिसमे अध्यक्ष शिवराज सिंह शक्तावत उपाध्यक्ष: इंदुराज शर्मा, आशा उपाध्याय, हरिनारायण मीणा, कमलेश कुमार जागीड,भूपेन्द्र त्यागी, सचिव: संग्राम सिंह, कोषाध्यक्ष: डी.एन. उपाध्याय, संयुक्त सचिव: संजय शर्मा, आर.पी. शेरावत, अशोक श्रीमाल, दिलीप सिंह भाटी तथा सदस्य कार्यकारिणी मे शेख सलीम, अंजु शेरावत, गीता कंवर, फूलचंद सैनी, कमल चौधरी, रामेश्वर सैनी, जीतराम चौधरी चुने गये। राज्य संघ अध्यक्ष दयानन्द उपाध्याय जो जिला संघ जयपुर के पुनः कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुये है ने प्रेषित विज्ञप्ति मे बताया की निर्वाचित जिला संघ जयपुर की प्रथम कार्यकारिणी व साधारण सभा बैठक मे मुख्य संरक्षक : महंत कैलाश शर्मा संरक्षक: अशोक परनामी भू.पू. अध्यक्ष प्रदेश भाजपा, विमल कटियार पार्षद, रामबाबू सैनी व मिर्जा मुनव्वर बेग तथा डी के माथुर को बनाया गया चैयरमैन: ए.के.ओबराय, उप - चैयरमैन : मनजीत राय को बनाया गया। आमंत्रित सदस्य के रुप मे उपाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र शर्मा व रैणु शक्तावत को नियुक्त किया गया।

## राजस्थान क्रिकेट में ऐतिहासिक पहल : पहली बार 8 जिलों में एक साथ राज्य स्तरीय सीनियर महिला चैम्पियनशिप का आयोजन : डॉ. मोहित



जयपुर, 5 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादवके अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और सभी जिलों को समान अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए पहली बार राज्य स्तरीय सीनियर महिला चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन 8 जून से राज्य के 8 जिला केंद्रों में किया जा रहा है। संयोजक के अनुसार द्वारा पूर्व में किए गए "सभी जिलों की समान भागीदारी" के वादे को इस प्रतियोगिता के माध्यम से धरातल पर उतारा गया है। पहली बार महिला क्रिकेट प्रतियोगिता को एक ही स्थान पर सीमित न रखकर विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिससे क्रिकेट गतिविधियों का विकेंद्रीकरण होगा और स्थानीय खिलाड़ियों को अपने जिले में उच्च स्तरीय प्रतियोगिता खेलने का अवसर प्राप्त होगा।

**अरिष्ट सिंघवी, सदस्य आरसीए** एडहॉक के अनुसार प्रतियोगिता के लीग दौर के मुकाबले 8 - 12 जून 2026 के दौरान 8 जिला केंद्रों पर आयोजित होंगे व नॉक आउट दौर (प्री क्वाटर, क्वाटर, सेमीफाइनल व फाइनल) दिनांक 14 से 18 जून के दौरान जयपुर में आयोजित होंगे।प्रतियोगिता मेंमहिला खिलाड़ियों को मिलेगी उच्च स्तरीय सुविधाएं व खेल मैदान। प्रतियोगिता के लीग मुकाबले 8 जून से उदयपुर में व 10 जून से जयपुर, उदयपुर झुंझुनूं, अलवर, जोधपुर, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा एवं राजसमंद में आयोजित होंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों क्रिकेट संघों की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। इससे खिलाड़ियों को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक मैच खेलने का अवसर मिलेगा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखनेका उचित अवसर प्राप्त होगा।

**धनञ्जय सिंह खींवसर,** सदस्य, आरसीए एडहॉक के अनुसार राज्य में महिला क्रिकेट के विकास की दिशा में यह कदम राजस्थान क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में प्रदेश में महिला क्रिकेट का आधार और अधिक मजबूत होगा। जिससे राज्य में महिला क्रिकेट को जिला स्तर तक मजबूत आधार मिलेगा।


अखिल भारतीय श्री नारायणी धाम प्रबन्ध एवं विकास महासभा समिति
मुख्यालय - नारायणी धाम, (अलवर)
क्रमांक: 24/2026 दिनांक : 03.06.2026
आम सभा सूचना
आम सैन समाज/सदस्यगणों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से श्री नारायणी धाम (अलवर) पर आम सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संस्था के संविधान में आवश्यक संशोधन, किये गये केसों, पदयात्रा महासंगम व अन्य बिन्दुओं पर निर्णय हेतु आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। पंजि. सं. 34/79-80 मंत्री-हरिराम सैन

JAIPUR SMART CITY LIMITED
(Municipal Corporation Jaipur, Pt. Deen Dayal Upadhyay Bhawan,)
Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur, CIN No.U75144RJ2016SGC049590
S. No. :- JSCL/SE/2026-27/2671 Dated :- 03/06/2026
निविदा संख्या 01/2026-27 जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, जयपुर
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में सक्षम एजेंसियों/संवेदकों से मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, जयपुर से संबंधित विकास कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड तथा E-अपलोड करने की तारीख, निविदा शर्त आदि संपूर्ण विवरण दिनांक 04.06.2026 से राजस्थान सरकार के पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app & jscljaipur.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का यूनिक बिड नंबर JSC2627WSOB00001, JSC2627WSOB00002, JSC2627SLOB00003 है।
राज.संवाद/सी/26/4264 अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
Sr. NO./PM E-Bus/2026-27/ 7701 Date : 02.06.2026
E NIT No 02/2026-27
नगर निगम बीकानेर द्वारा SELECTION OF SYSTEM INTEGRATOR FOR IMPLEMENTATION OF E-TICKETING SYSTEM PROJECT ON RENTAL BASIS कार्य की निविदा हेतु अनुमानित राशि 32.00 लाख रू 02 वर्ष के लिए सक्षम/पात्र संभरणकर्ता जो कार्य करने/सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, से निविदा पर निर्धारित प्रपत्र में ई-बोली प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN Number : DLB2627WSOB06368
राज.संवाद/सी/26/4238 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

कार्यालय नगरपालिका लूनकरनसर जिला बीकानेर
Email Id: nplunkaransar@rajasthan.gov.in
क्रमांक:-नपालू/2026-27/372 दिनांक:- 21.05.2026
ई निविदा सूचना संख्या 03/2026-27/विद्युत
नगरपालिका लूनकरनसर द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य हेतु ईच्छुक/ सक्षम पात्र संभरणकर्ता जो कार्य करने / सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-बोली प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्ड शर्ते इत्यादि का सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल eproc.rajasthan.gov.in व WWW.SPPP.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। तथा निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक निविदा को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।
निविदा की अनुमानित लागत :- 26.99 लाख रूपये
1. UBN Code :- DLB2627WSRC05515
राज.संवाद/सी/26/4214 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका लूनकरनसर

# लखपति दीदी योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बन रही हैं- भजनलाल

## खारी का लाम्बा गाँव में मुख्यमंत्री ने ग्राम विकास चौपाल में लाभार्थियों को चैक व स्वीकृति पत्र सौंपे

भीलवाड़ा/जयपुर, 5 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के कल्याण एवं सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 के बाद इन सभी वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से बात की। वे रात्रि विश्राम खारी का लाम्बा गाँव में ही करेंगे।**

योजनाएं चलाई हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को भीलवाड़ा के खारी का लाम्बा गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बन रही हैं। हमारी सरकार ने इस योजना में ऋण सीमा बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये एवं ब्याज घटाकर 1.5 प्रतिशत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिला प्रतिनिधित्व के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसा महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने चौपाल में पुष्पा कंवर और अन्नू को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत चैक सौंपे। इसी प्रकार हंगामी देवी, रघुनाथ को पाइपलाइन योजना एवं हेमेन्द्र सिंह को फार्म पौण्ड योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की तथा अर्चना व लीला को मिनीकिट सौंपे। वहीं, चन्ता देवी जाट को कृषक सहकारी दुर्घटना में 10 लाख रुपये, अमर सिंह को ब्याजमुक्त ऋण के तहत 1.13 लाख रुपये, उमंग सीएलएफ से जुड़ी सोनू कंवर को 20 लाख एवं बजरंग बली समूह को 4 लाख रुपये एवं राजीविका महिला स्वयं सहायता समूह को 1 करोड़ 10 लाख 74 हजार रुपये से अधिक की राशि के चैक सौंपे। उन्होंने प्रभुलाल रैगर एवं अनुराधा नायक को अक्षय पोषण योजना की किट सौंपी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक जब्बर सिंह सांखला, गोपाल लाल शर्मा, उदयलाल भडाना, अशोक कुमार कोठारी, लालाराम बैरवा, गोपीचन्द मीणा, लादु लाल पितलिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित, बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को भीलवाड़ा के खारी का लाम्बा गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक सौंपे।*

# भारत ने गिलगिट-बाल्टिस्तान में चुनाव का विरोध किया

नई दिल्ली, 05 जून। भारत सरकार ने पाकिस्तान से 7 जून को तथाकथित 'गिलगिट-बाल्टिस्तान असेंबली' के लिए 'आम चुनाव' कराने की योजना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि चुनाव गैर-कानूनी और ज़बरदस्ती कब्ज़ा किए गए भारतीय क्षेत्र में कराये जा रहे हैं।

भारत सरकार ने अपने पुराने रुख को दोहराया है कि केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का संपूर्ण क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं। 1947 में इनका भारत में पूर्ण, कानूनी और अपरिवर्तनीय विलय हो चुका है। तथाकथित 'गिलगिट-बाल्टिस्तान' इसका हिस्सा है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया है कि पाकिस्तान के ऐसे प्रयास पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन, राजनीतिक दमन, आर्थिक शोषण और स्वतंत्रता से वंचित करने जैसे अंतर्निहित मुद्दों को छिपा नहीं सकते।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का भौतिक परिवर्तन लाने के प्रयास स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य हैं।

# गुरमीत राम रहीम को फिर पैरोल मिली

## 20 साल की सज़ा के दौरान वह अब तक 16 बार पैरोल पर रिहा हो चुका है। इस बार उसे 30 दिन की पैरोल मिली है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जून। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर रोहतक की सूनरिया जेल से 30 दिनों की पैरोल मिलने के बाद रिहा किया गया है। पैरोल की मंजूरी राजय के सक्षम अधिकारी द्वारा दी गई थी। साध्वी यौन उत्पीड़न मामले में 20 साल की सजा मिलने के बाद, यह उनकी 16वीं अस्थायी रिहाई है।

स्वघोषित बाबा सुबह लगभग 6:34 बजे सूनरिया जेल से बाहर निकले, और उनके बाहर निकलने के दौरान सुरक्षा इंतजाम न्यूनतम दिखाई दिए। इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए उनके वकील जितेन्द्र खुराना ने कहा, "उन्हें आज पैरोल मिली है। यह राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी गई है। उन्हें 30 दिनों की पैरोल दी गई है।" उन्होंने आगे कहा, "पैरोल के दौरान वे अपने

- **सूत्रों के अनुसार, राम रहीम को हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिज़नर्स (टैम्परेरी रिलीज़) एक्ट 2022 के कारण मिल रही है। यह प्रति कैलेंडर वर्ष से 10 सप्ताह की रिहाई की अनुमति देता है।**

डेरा सच्चा सौदा, सिरसा में रहेंगे।"

रिपोर्ट्स के अनुसार, 2022 का हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (अस्थायी रिहाई) एक्ट ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह जैसे अपराधियों के लिए पैरोल लेना आसान बना दिया है। यह अधिनियम प्रति कैलेंडर वर्ष अधिकतम 10 सप्ताह की रिहाई की अनुमति देता है, जिसे दो हिस्सों में विभाजित किया जा सकता है, पैरोल केवल डिप्टी कमिश्नर या पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट और जिला मजिस्ट्रेट की सिफारिश के आधार पर। इस कानून का उपयोग करते हुए, राम रहीम ने पिछले आठ वर्षों 406 दिन में जेल के बाहर बिताए हैं। यह अधिनियम सामान्यत: "हार्डकोर दोषियों", जैसे बलात्कार या हत्या के दोषियों, को नियमित पैरोल से रोकता है।

लेकिन, इसमें एक अपवाद है कि हार्डकोर दोषी उस स्थिति में पैरोल प्राप्त कर सकते हैं, जब उन्होंने कम से कम 5 साल की सजा काट ली हो, जिसमें अंडरट्रायल के 2 साल शामिल हैं। गुरमीत राम रहीम, जिन्हें 2017 में बलात्कार और 2019 तथा 2021 में दो हत्याओं का दोषी ठहराया गया था, 2017 से जेल में हैं, इसलिए वे 5 साल की सीमा को पूरा करते हैं और 2022 के कानून के तहत, उन्हें पैरोल दिया जा सकता है।

# अन्नामलाई ने "वी द पीपल" आंदोलन चलाने की घोषणा की

## भाजपा छोड़ने के बाद अन्नामलाई ने कहा कि यह आम नागरिकों की भागीदारी पर आधारित आंदोलन होगा

चेन्नई, 05 जून। तमिलनाडु की राजनीति में शुक्रवार को तब एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जब भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा देने के तुरंत बाद अपनी नई राजनीतिक पार्टी और आंदोलन की घोषणा कर दी।

भाजपा से अलग होने के बाद, सोशल मीडिया पर लाइव संबोधन में अन्नामलाई ने अपने नए राजनीतिक अभियान की रूपरेखा पेश करते हुए बताया कि उनके आंदोलन का नाम "वी द पीपल" होगा। उन्होंने कहा कि यह किसी व्यक्ति, परिवार या विशेष समूह का मंच नहीं, बल्कि आम नागरिकों की भागीदारी पर आधारित जन आंदोलन होगा, जिसका उद्देश्य राजनीति को जनता के अधिक निकट लाना है।

अपने संबोधन में अन्नामलाई ने खुलासा किया कि पिछले करीब 18 महीनों से भाजपा नेतृत्व के साथ कई वैचारिक और कार्यशैली संबंधी मुद्दों पर उनके मतभेद चल रहे थे। दिसंबर

- **भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा कि गत 18 माह से उनके भाजपा नेतृत्व से कई वैचारिक और कार्यशैली संबंधी मुद्दों पर मतभेद चल रहे थे।**

2025 में ही उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपने इस्तीफे की इच्छा से अवगत करा दिया था। हालांकि, पार्टी नेतृत्व के अनुरोध पर उन्होंने चुनावी जिम्मेदारियां पूरी होने तक संगठन में बने रहने का फैसला किया।

अन्नामलाई ने कहा कि राजनीति में उनकी सोच हमेशा सिद्धांतों और जनसेवा पर आधारित रही है। उन्होंने अपने आईपीएस कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि कर्नाटक में पुलिस अधिकारी के रूप में सेवा के दौरान उन्होंने यह सीखा कि कोई भी पद, अधिकार या सत्ता स्थायी नहीं होती। उनके अनुसार, राजनीति को भी इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए, जहां व्यक्ति नहीं, बल्कि व्यवस्था और जनता सर्वोपरि हो।

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, नई पार्टी सभी समुदायों, सामाजिक समूहों और अल्पसंख्यक वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति अपनाएगी। पार्टी का फोकस समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने पर रहेगा। इसी कारण इसे धर्मनिरपेक्ष और व्यापक जनाधार वाली राजनीतिक पहल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि अन्नामलाई का यह कदम तमिलनाडु की राजनीति में नए समीकरण पैदा कर सकता है। पूर्व आईपीएस अधिकारी के रूप में उनकी प्रशासनिक पृष्ठभूमि, युवाओं के बीच लोकप्रियता और आक्रामक राजनीतिक शैली उन्हें राज्य की राजनीति में एक प्रभावशाली खिलाड़ी बना सकती है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि उनकी नई पार्टी आगामी चुनावों में किस प्रकार की रणनीति अपनाती है और राज्य की पारंपरिक राजनीतिक ताकतों को कितनी चुनौती दे पाती है।

# ग्रेट निकोबार प्रोजैक्ट पर राहुल गांधी ने ऑनलाइन मूवमैंट शुरू किया

## राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 72 हज़ार करोड़ रु. की यह परियोजना पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है

नई दिल्ली, 05 जून। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक बार फिर 'ग्रेट निकोबार' द्वीप का मुद्दा उठाया और एक वीडियो जारी कर सरकार पर आरोप लगाया कि 72 हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना से पर्यावरण को नुकसान होगा।

राहुल ने आरोप लगाया कि परियोजना से 1.5 करोड़ पेड़ नष्ट होंगे, प्रवाल भित्तियों को नुकसान पहुंचेगा और समुदायों का विस्थापन होगा। इसमें आईएनएस बाज़ (संयुक्त सेवा कमान का हवाई अड्डा) जैसे वास्तविक रक्षा ढांचे के उन्नयन की उपेक्षा की जा रही है। इससे एक व्यवसायी को लाभ होगा। वह यहां होटल और कैसीनो बनाएगा।

राहुल ने एक्स पर कहा, कोई भी

- **राहुल ने कहा, कोई भी लाभ हमें वह सब नष्ट करने की अनुमति नहीं देता जिसे हम पुनः प्राप्त न कर सकें।**
- **राहुल ने युवा वर्ग से मूवमैंट से जुड़ने की अपील की।**

लाभ हमें उसे नष्ट करने से रोकता है, जिसे कभी वापस नहीं पाया जा सकता। मैं पारिस्थितिक रूप से संतुलित विकास का समर्थक हूं। ये द्वीप दुनिया के सबसे असाधारण टिकाऊ पर्यटन स्थल बन सकते हैं। यही वह भारत है, जिसके लिए संघर्ष करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस विश्व पर्यावरण दिवस पर वे हर युवा भारतीय से एक सवाल पूछना चाहते हैं कि आप किस तरह का भारत विरासत में पाना चाहते हैं? साथ ही, राहुल ने एक ऑनलाइलन कैंपेन भी शुरु किया, जिसमें वे कह रहे हैं- याचिका पर हस्ताक्षर करें।

मोदी सरकार को बताएं कि हम किसे चुनते हैं। राहुल और कांग्रेस की ओर से उनकी हाल ही की ग्रेट निकोबार द्वीप की यात्रा की तस्वीरें और वीडियो जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि परियोजना के समर्थक इसे भारत की "एक्ट ईस्ट" रणनीति के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं, जबकि आलोचक इसे पर्यावरण और जलीय जीवों के लिए खतरे के तौर पर देखते हैं।

# हाई कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर रोक नहीं लगाई

नई दिल्ली, 05 जून। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 6 जून को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सौरभ बनर्जी की

- **सेव इंडिया फाउंडेशन ने 6 जून के प्रदर्शन पर रोक लगाने की याचिका लगाई थी।**

अध्यक्षता वाली वेकेशन पीठ ने याचिका पर जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

सेव इंडिया फाउंडेशन नामक संगठन की ओर से दायर याचिका दायर करते हुए शुक्रवार को याचिकाकर्ता के वकील विकास शर्मा ने कॉकरोच जनता पार्टी के 6 जून को जंतर-मंतर पर होने वाले प्रस्तावित प्रदर्शन को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की थी।

# हाई कोर्ट ने जल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एसीबी कोर्ट-1 ने 29 मई को सुबोध अग्रवाल की जमानत पर सुनवाई की थी, लेकिन फैसले से पहले ही पीठासीन अधिकारी ने हाईकोर्ट प्रशासन को केस ट्रांसफर के लिए पत्र लिख दिया था। मामले में तत्कालीन मंत्री महेश जोशी, सुबोध अग्रवाल, संजय बड़ाया, दिनेश गोयल, कृष्णदीप गुप्ता, शुभांशु दीक्षित, सुशील शर्मा, विशाल सक्सेना, डी.के. गौड़, महेन्द्र प्रकाश सोनी, मुकेश पाठक और निरिल कुमार फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। इस प्रकरण में हाईकोर्ट ने चार आरोपियों की जमानत गत एक जून को खारिज दी थी और एक आरोपी अरुण श्रीवास्तव को मेडिकल ग्राउंड पर हाईकोर्ट से जमानत मिली है। एसीबी ने बीते दिनों पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था।

# चर्चित शिक्षक खान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गार्डों ने कथित रूप से पुलिस को बताया कि उन्हें गोली चलाने के लिए कहा गया था और आश्वस्त किया गया था कि आगे की स्थिति संभाल ली जाएगी। इसी बयान के आधार पर पुलिस ने खान सर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 सहित, अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के दौरान एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खान सर की कोचिंग के बाहर सुरक्षा कर्मियों द्वारा हवाई फायरिंग किए जाने के संकेत मिले हैं। वीडियो और अन्य साक्ष्यों के सत्यापन के बाद पुलिस ने दोनों गार्डों की भूमिका की भी जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हवाई फायरिंग की पुष्टि होने के बाद कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

इस बीच कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर पुलिस मुख्यालय और महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय स्तर पर उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में पूरे मामले की समीक्षा की गई तथा स्थिति पर लगातार नज़र रखने का निर्णय लिया गया। पुलिस ने छात्रों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# खड़गे ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शुक्रवार को बेंगलुरु स्थित विधान सौधा में एआईसीसी अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष औपचारिक रूप से राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी उम्मीदवारी को पार्टी के सभी विधायकों और नेताओं का एकजुट समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आज मैंने अपना नामांकन दाखिल किया है। सभी विधायक और पार्टी के नेताओं ने मुझे उम्मीदवार के रूप में चुना है। मैं उनके विश्वास और समर्थन के लिए उनका आभारी हूं।

# सरकारी बॉण्ड में निवेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पर लागू तीन प्रतिबंधों, अर्थात् अल्पकालिक निवेश सीमा, एकाग्रता सीमा और प्रतिभूति-वार सीमा को हटाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के बकाया स्टॉक के 6 प्रतिशत और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों (एसजीएस) के 2 प्रतिशत की समग्र मात्रात्मक निवेश सीमा को बरकरार रखा गया है। निवेश सीमाओं की उप-श्रेणियां, अर्थात् सामान्य और दीर्घकालिक, क्रमशः सरकारी प्रतिभूतियों और एसजीएस में निवेश के लिए एक ही सीमा में विलय कर दी जाएंगी।

एफ. पी. आई. को दी जा रही छूट का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि भारतीय रिज़र्व बैंक आमतौर पर डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है, भारत से बाहर जा रहे निवेश से स्थिति और भी जटिल हो रही है।

ईरान युद्ध और उससे जुड़े आर्थिक संकटों के कारण रुपया 20 मई, 2026 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। कभी एशिया की अपेक्षाकृत स्थिर मुद्राओं में गिना जाने वाला रुपया इस वर्ष अब सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली उभरती बाजार की मुद्राओं में से एक बन गया है। इस पर महंगे तेल, पूंजी निकासी, बढ़ते व्यापार घाटे और मजबूत अमेरिकी डॉलर का दबाव है।

# फ़र्ज़ी पासपोर्ट मामले में गिरफ्तार हो चुका है लवकेश बजाज

नई दिल्ली, 05 जून। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टेज बीएंडबी में बुधवार सुबह लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत के बाद, होटल मालिक लवकेश बजाज को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। जांच में पता चला है कि जिस लवकेश बजाज को पुलिस ने अग्निकांड मामले में गिरफ्तार किया है, वह पिछले वर्ष भी बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी भारतीय दस्तावेज उपलब्ध कराने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

- **गत वर्ष बाँग्लादेशी नागरिकों को फ़र्ज़ी भारतीय दस्तावेज उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने पकड़ा था।**

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2025 में पहाड़गंज थाना पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान लवकेश बजाज की भूमिका का खुलासा किया था। जांच में सामने आया था कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक फर्जी आधार कार्ड और भारतीय पासपोर्ट के सहारे दिल्ली में रह रहे थे। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि इन दस्तावेजों में इस्तेमाल किए गए पते का संबंध लवकेश बजाज से था। 29 जनवरी 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि पहाड़गंज के संगतराशान इलाके में एक बांग्लादेशी परिवार फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रह रहा है।

# प.बंगाल में भाजपा ने अपनी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अब कलकत्ता कॉरपोरेशन के नए चुनाव होने तक संस्था का कामकाज एक एडमिनिस्ट्रेटर (प्रशसक) संभालेगा।

इस बीच, जैसे-जैसे बंगाल में जीत पक्की हो रही थी, राजनीतिक संघर्ष देश की राजधानी दिल्ली की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। दिल्ली में तृणमूल कांग्रेस के सांसद स्वयं को "वास्तविक तृणमूल" बताकर अपना अलग संसदीय समूह बनाने का दावा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि तृणमूल कांग्रेस के 20 से 23 सांसद भाजपा के संपर्क में हैं और वे जल्द ही लोकसभा अध्यक्ष से मिलने वाले हैं।

वरिष्ठ सांसद भाजपा नेतृत्व के संपर्क में हैं और अपनी भविष्य की रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा को मिलाकर तृणमूल कांग्रेस के कुल 42 सांसद हैं। यदि लोकसभा के 28 सांसदों में से बहुमत भाजपा के साथ आ जाता है, तो महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराना भाजपा के लिए काफी आसान हो सकता है।

तृणमूल कांग्रेस के करीब 20 सांसद लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर स्वयं को पार्टी के मुख्य संसदीय समूह के रूप में मान्यता देने की मांग करने वाले हैं।

वर्तमान में तृणमूल के लोकसभा में 28 सांसद हैं, जिनमें से 20 के एकजुट होने की खबर है। दो संभावित विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। पहला यह कि असंतुष्ट तृणमूल सांसद सीधे भाजपा में शामिल हो जाएं। ऐसी स्थिति में "एक राष्ट्र, एक चुनाव" योजना या महिला आरक्षण जैसे विधेयकों को आगे बढ़ाने में भाजपा को मदद मिल सकती है।

दूसरा विकल्प बंगाल मॉडल का है, जिसके तहत तृणमूल का यह समूह स्वतंत्र सांसदों के रूप में केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थन में भाजपा के विधेयकों के पक्ष में मतदान कर सकता है। भविष्य में क्या होगा, यह देखना बाकी है।

तृणमूल के संसदीय दल के एक वरिष्ठ सदस्य, शुभेन्दु शेखर राय ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा कि पार्टी के विधायक और सांसद इतनी तेजी से पार्टी नेतृत्व से दूरी बना सकते हैं। कहा जा रहा है कि रॉय को संसद में पार्टी का नेता बताया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी ने उत्तर बंगाल के मालदा दौरे के दौरान शुभेन्दु राय के पिता की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर बंगाल को भारत में बनाए रखने के लिए काम किया था, जबकि कुछ शक्तियां बंगाल को पाकिस्तान में शामिल करने की कोशिश कर रही थीं।

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, नया समूह संसद में पार्टी के मौजूदा नेता अभिषेक बनर्जी पर भरोसा नहीं करता। इसके बजाय, वे अपने संसदीय दल के लिए एक नए नेता का चयन करना चाहते हैं।

पार्टी के भीतर अभिषेक बनर्जी को लेकर व्यापक असंतोष बताया जा रहा है और पार्टी को लगे हालिया राजनीतिक झटकों के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हालांकि ममता बनर्जी ने स्पष्ट रूप से अभिषेक बनर्जी की आलोचना पर रोक लगा रखी है, फिर भी कई नेता पार्टी की विफलताओं का ठीकरा उन्हीं के सिर फोड़ रहे हैं।

# सरकार बनाने के साथ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सात बार सांसद रह चुके हैं। वर्तमान में वे देवनहल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वे सिद्धारमैया मंत्रिमंडल में मंत्री भी रह चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार, ऊर्जा मंत्रालय संभाल रहे वरिष्ठ नेता के.जे. जॉर्ज इस बात से नाराज़ हैं कि उनके विभाग में अधिकारियों के तबादले उनकी सहमति के बिना किए जा रहे हैं। नई सरकार में सार्वजनिक निर्माण विभाग का प्रभार बरकरार रखने वाले मंत्री सतीश जारकीहोली ने कहा है कि वे कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की भी इच्छा रखते थे और इसके लिए उन्होंने पार्टी नेतृत्व से अनुरोध भी किया था। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के निर्णय का सम्मान करेंगे।

शुक्रवार सुबह वरिष्ठ नेता रामलिंगा रेड्डी ने विभागों के बंटवारे से नाराज़ होकर मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। रेड्डी का दावा है कि मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें बेंगलुरु विकास विभाग देने का वादा किया था, लेकिन उन्हें सिंचाई विभाग आवंटित कर दिया गया। इस मुद्दे पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए रेड्डी ने घोषणा की कि अब वे मंत्रिमंडल में कोई भी पद स्वीकार नहीं करेंगे और केवल विधायक के रूप में काम करेंगे।

रेड्डी के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए डीके शिवकुमार ने उन्हें अपना "सबसे करीबी मित्र" बताया और कहा कि वे इस मामले का समाधान निकालेंगे।

रेड्डी के इस्तीफे के बाद, कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने भी अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। रामलिंगा रेड्डी बेंगलुरु में कांग्रेस का एक प्रमुख चेहरा हैं। रेड्डी बीटीएम लेआउट विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले वे, कर्नाटक सरकार में परिवहन मंत्री, तथा गृह मंत्री के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इन दो वरिष्ठ नेताओं के अलावा, वरिष्ठ नेता दिनेश गुंडू राव भी मंत्रिमंडल गठन के पहले चरण में नज़रअंदाज़ किए जाने से नाराज़ दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने किसी से कुछ नहीं मांगा है, तथा उन्हें मंत्री क्यों नहीं बनाया गया, यह प्रश्न वे (पत्रकार) पार्टी से करें।

# क्या संवर्धित यूरेनियम को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बदलने वाले रुख के अनुसार ट्रंप ने कहा कि संवर्धित यूरेनियम का मुद्दा अब "दफन" हो चुका है।

वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें अमेरिकी सेना द्वारा इस मामले में कार्रवाई करने का विचार पसंद नहीं है। ट्रंप की यह नई टिप्पणी उनके पहले के रुख से कुछ अलग है। इससे पहले वे बार-बार कहते रहे थे कि ईरान को अपने उच्च स्तर के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इसे हटाना या नष्ट करना अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की प्रमुख शर्त थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यदि दोनों देशों के बीच समझौता हो जाता है, तो ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से मिलकर वो सम्मानित महसूस करेंगे।

ईरानी नेता के साथ संभावित बैठक के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, "मैं मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुलाकात होती है तो उनके साथ मिलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।" मोजतबा खामेनेई के पिता और पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इज़राइल युद्ध की शुरुआत में मारे गए थे। ट्रंप ने आगे कहा, "मैं देखना चाहूंगा कि क्या हम कोई समझौता कर पाते हैं। अगर समझौता हो जाता है, तो यह संभव है कि मैं उनसे मिलूं।" 54 वर्षीय इस्लामी धर्मगुरु मोजतबा खामेनेई को उनके पिता की मृत्यु के बाद ईरान का सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिकी और इज़रायली बलों द्वारा मोजतबा खामनेई के परिवार के कई सदस्यों को निशाना बनाए जाने के बावजूद, उन्हें (ट्रंप को) उम्मीद है कि खामेनेई "प्रोफैशनल रूख" अपनाएंगे।

ट्रंप ने कहा, "हमने उनके पिता, उनकी पत्नी और उनके बेटे को मार दिया, इसलिए शायद मैं उनका पसंदीदा व्यक्ति नहीं हूं... लेकिन कुछ हलकों में उनकी काफी अच्छी प्रतिष्ठा है।"

जब उनसे पूछा गया कि ईरानी नेता के साथ उनकी संभावित मुलाकात कहां हो सकती है, तो ट्रंप ने कहा, "मैंने वास्तव में इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं सुना है। मैंने यह सुझाव नहीं दिया, लेकिन कुछ लोगों ने इसका सुझाव दिया है।"

ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान से संवर्धित यूरेनियम (एनरिच्ड यूरेनियम) प्राप्त करने के लिए अमेरिका को किसी समझौते की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा, "हम इसे अभी भी हासिल कर सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि अगर हम चाहें तो वे हमें रोक सकते हैं, लेकिन इसकी कोई जरूरत नहीं है। यह अब दफन हो चुका है।"

# साइबर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तक जुड़े हो सकते हैं। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि साइबर अपराधियों तक सिम कार्ड पहुंचाने वाले गिरोह का संचालन किस स्तर पर किया जा रहा था और इससे अर्जित धनराशि को किस प्रकार ठिकाने लगाया गया।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908